


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल



ग्वालियर: वर्ष: 3 : अंक: 298 | ग्वालियर, शुक्रवार 18 अगस्त 2023 | पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रुपए


## बीजेपी में रिजर्व सीटों पर टिकट का झगड़ा नहीं? मध्य प्रदेश की पहली लिस्ट में ये दिलचस्प आंकड़ा आया सामने

मध्य प्रदेश के लिए जारी की गई उम्मीदवारों की लिस्ट को लेकर सियासी गलियारों में कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं. पार्टी की इस लिस्ट में अधिकतर सीटें एससी और एसटी वाली हैं. पार्टी ने पहली सूची में 8 एससी और 14 एसटी सीटों पर कैंडिडेट के नाम की घोषणा कर दी है. ऐसे में माना जा रहा है कि रिजर्व सीटों पर बीजेपी के लिए टिकट का झगड़ा नहीं है.

**सीईसी की बैठक के बाद आई लिस्ट**–बुधवार को दिल्ली में बीजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक हुई थी. जिसमें पीएम मोदी, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह के अलवा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और राज्य के संगठन से जुड़े कुछ नेता भी शामिल हुए थे. इस बैठक में गहन चर्चा के बाद ये लिस्ट जारी की गई है. बीजेपी ने इस बार नया प्रयोग करते हुए चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की है. बीजेपी ने मध्य प्रदेश की 230 सीटों को चार कैटेगरी में बांटा है और इस लिस्ट में उन सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की गई जिन्हें सबसे मुश्किल सीट माना जा रहा है.

**मध्य प्रदेश में इन एससी सीटों पर उतारे उम्मीदवार**–मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 के



लिए जारी की गई पहली लिस्ट में बीजेपी ने एससी के लिए आरक्षित जिन आठ सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है उनमें गोहद से लाल सिंह आर्य, गुन्नौर से राजेश कुमार वर्मा, जबलपुर पूर्व से अंचल सोनकर, गोटेगांव से महेंद्र नागेश, सोनकच्छ से राजेश सोनकर, महेश्वर से राजकुमार मेव, तराना से ताराचंद गोयल, घटिया से सतीश मालवीय को टिकट दी गई.

**एसटी सीटों के लिए इन नेताओं को टिकट**–वहीं एसटी के लिए आरक्षित सीटों में पुष्पराजगढ़ से हीरासिंह श्याम, बड़वारा से धीरेंद्र सिंह, शाहपुरा से ओमप्रकाश धुर्वे, बिछिया से डॉ. विजय आनंद मरावी, बैहर से भगत सिंह नेताम, बरघाट से कमल मस्कोले, पांढुर्णा से प्रकाश उइके, भैंसदेही से महेंद्र सिंह चौहान, अलीराजपुर से नागर सिंह चौहान, झाबुआ से भानू भूरिया, पेटलावद से निर्मला भूरिया, कुक्षी से जयदीप पटेल, धरमपुरी से कालू सिंह ठाकुर को टिकट दिया गया.

**छत्तीसगढ़ में एससी-एसटी सीटों पर बड़ा ऐलान**–बीजेपी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के लिए जारी की गई पहली लिस्ट में भी बड़ी संख्या में एससी और एसटी को टिकट दिया है. पार्टी ने एससी के लिए आरक्षित सरायपाली से सरला कोसरिया को टिकट दिया है. वहीं एसटी के आरक्षित प्रतापपुर, रामानुजगंज, लुन्द्र, धर्मजाग?, मरवाही, कांकेर, सिहावा, दौंड़ी लोहारा, मोहला मानपुर, बस्तर सीट पर भी उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है.

## एआईएडीएमके बीजेपी की गुलाम, बोले तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन,



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गुरुवार (17 अगस्त) को एआईएडीएमके और बीजेपी पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने एआईएडीएमके को बीजेपी का गुलाम बताया, वहीं बीजेपी को भारतीय विरोधी करार दिया.न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, एमके स्टालिन ने रामनाथपुरम में कहा, %%एआईएडीएमके बीजेपी की गुलाम है. डीएमके एक स्टेट पार्टी है और हम सभी राज्यों के मुद्दों पर आवाज उठाते हैं. बीजेपी हमें भारतीय विरोधी कहती आई लेकिन अब बीजेपी असल में भारतीय विरोधी है.स्टालिन ने आरोप लगाया कि बीजेपी उसके अधूरे वादों से ध्यान हटाने की कोशिश करने के लिए झूठा दावा कर रही है कि डीएमके अलगाववाद को बढ़ावा दे रही है. उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए क्योंकि उनकी पार्टी बीजेपी के चुनाव पूर्व आश्वासनों के लिए केंद्र सरकार को जवाबदेह ठहराने की कोशिश कर रही है.रामनाथपुरम में तमिलनाडु के दक्षिणी क्षेत्रों के बूथ एजेंटों के लिए डीएमके के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्टालिन ने आरोप लगाया कि बीजेपी ने अपने किसी भी चुनावी वादे का सम्मान नहीं किया. उन्होंने 2014 और 2019 के संसदीय चुनावों से पहले बीजेपी के चुनावी वादों को सूचीबद्ध किया.स्टालिन ने अपने दावे के समर्थन में जिन वादों का उल्लेख किया उनमें विदेशों में जमा काले धन को वापस लाना, हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना और किसानों की आय दोगुनी करना शामिल थे.तमिलनाडु केंद्रित मुद्दों पर डीएमके प्रमुख ने कहा, ÷प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निर्वाचित होने से पहले अप्रैल 2014 में रामनाथपुरम में बात की थी. उन्होंने कहा था कि रामेश्वरम को एक अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल में बदल दिया जाएगा. क्या उन्होंने रामेश्वरम को बदल दिया है?÷षकोडी रेल लिंक लाइन की आधारशिला रखी. स्टालिन ने बताया, ÷17 किलोमीटर लंबा रामेश्वरम-धनुषकोडी रेल लिंक अभी तक पूरा नहीं हुआ है.÷ स्टालिन ने कहा कि यह भी पीएम मोदी के %सिर्फ चुनाव के लिए% किए गए अनेक वादों में से एक था.

## तमिलनाडु में नीट एग्जाम क्यों बन गया राजनीतिक मुद्दा, क्यों इसे खत्म करना चाहती है सरकार?



तमिलनाडु में नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट को लेकर घमासान जारी है. यह विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है. तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने नीट एग्माज से प्रदेश के छात्रों को छूट देने वाला विधेयक वापस कर दिया था. इसके बाद से ये लड़ाई राजनीतिक मोड़ ले चुकी है. मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इसे लेकर राज्यव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी है.डीएमके की एमके स्टालिन सरकार तमिलनाडु में नीट परीक्षा में राज्य के मेडिकल छात्रों को छूट देने के लिए 13 सितंबर 2021 को एक विधेयक लाई थी. इसमें यह प्रावधान किया गया था कि मेडिकल कॉलेजों में शामिल होने के इच्छुक छात्रों को नीट परीक्षा नहीं देनी पड़ेगी. उन्हें प्लस 2 (12वीं) की परीक्षा में मेरिट के आधार पर मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश मिल जाएगा, लेकिन इस बिल को राज्यपाल ने 3 फरवरी 2022 को वापस कर दिया था.नीट परीक्षा में कई बार फेल होने के बाद कुछ छात्र हताश होकर आत्महत्या कर लेते हैं. अभी पिछले हफ्ते राज्य में 19 वर्षीय जगदीश्वरन नाम के छात्र ने आत्महत्या कर ली थी. इससे परेशान होकर उसके पिता ने भी आत्महत्या कर ली थी. इसके साथ ही नीट परीक्षा में सफल न होने पर आत्महत्या करने वाले छात्रों की संख्या अब 16 हो चुकी है. इस घटना के बाद एमके स्टालिन और उनकी सरकार को राज्यपाल के खिलाफ हमलावर होने का मौका मिल गया. राज्य के स्वास्थ्य मंत्री सुब्रमण्यम ने तो यह तक कह दिया था कि इस बिल से राज्यपाल का कोई लेना नहीं है. यह बिल राष्ट्रपति के पास अनुमोदन के लिए भेजा गया है.

## केसीआर की पार्टी बीजेपी की बी-टीमके कविता के आरोपों का तेलंगाना कांग्रेस चीफ ने दिया जवाब

देश के पांच राज्यों में इस साल विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं, जिसमें तेलंगाना भी शामिल है. जहां केसीआर की भारत राष्ट्र समिति सत्ता में है. चुनाव से कुछ ही महीने पहले अब तेलंगाना में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है, इसी बीच बीआरएस नेता के कविता की तरफ से कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा गया और आरोप लगाया कि उसने गरीबी हटाने की बजाय गरीबों को ही खत्म कर दिया. अब इस बयान पर कांग्रेस की तरफ से पलटवार किया गया है. कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रेवंत रेड्डी ने के कविता के दिए गए बयान का जवाब देते हुए कहा कि बीआरएस तेलंगाना में बीजेपी की बी-टीम बन गई है. इंडिया टुडे के साथ बातचीत में रेवंत रेड्डी ने कहा, ÷आप सोचते हैं कि इस बीआरएस का मतलब भारत राष्ट्र समिति है, लेकिन जैसा कि राहुल गांधी ने स्पष्ट रूप से कहा, इसका मतलब बीजेपी रिश्तेदार समितिहै. हम इससे बेहतर बयान की उम्मीद



नहीं कर सकते हैं.कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी को राज्य में हराने के लिए बीआरएस उसकी बी-टीम बन चुकी है. उन्होंने के कविता से पूछा कि आप आखिर किस पक्ष में खड़े हैं? आप एक तरफ नरेंद्र मोदी के खिलाफ लड़ने की बात करते हैं, वहीं 2024 लोकसभा चुनावों में निजामाबाद सीट से लड़ने का इरादा भी जताया था.रेड्डी ने बीआरएस नेता के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस की सबसे पुरानी पार्टी थी, जिसने अल्पसंख्यकों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण लागू किया था. हमने बार-बार अल्पसंख्यक समुदायों से एक पार्टी अध्यक्ष चुना है. रेवंत रेड्डी ने इस दौरान सीएम केसीआर पर भी जमकर हमला बोला. बीआरस नेता के कविता ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा था कि उसने गरीबी हटाने के बजाय गरीबों को ही खत्म कर दिया है. इसके अलावा के कविता ने कांग्रेस से सवाल पूछा कि 62 साल तक सत्ता में रहने के दौरान सबसे पुरानी पार्टी ने तेलंगाना में मुसलमानों या गरीबों के लिए क्या किया?

## कैश फार जॉब स्कैम तमिलनाडु सरकार के मंत्री सेंथिल बालाजी की बढ़ी मुसीबतें, ईडी बोली- हमने बहुत पैसा रिकवर किया

तमिलनाडु की डीएमके सरकार में मंत्री सेंथिल बालाजी की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)



ने अब उनके साथ उनकी पत्नी एस मेघाला की भी भूमिका की जांच कर रही है. ईडी के मुताबिक उन्होंने सेंथिल के पास से काफी पैसा रिकवर किया है.ईडी ने तमिलनाडु परिवहन विभाग में कथित नौकरी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में डीएमके नेता बालाजी के खिलाफ कुछ ही दिन पहले आरोपपत्र दाखिल किया था. ईडी ने एक बयान में कहा कि एजेंसी ने चेन्नई की एक विशेष अदालत में 12 अगस्त 2023 को पीएमएलए के तहत चार्जशीट दाखिल की.निजी सचिव की मदद से हुई पैसे की हेरा-फेरी

करीब 3,000 पन्नों की चार्जशीट में एजेंसी ने आरोप लगाया है कि बालाजी (47) ने (पूर्ववर्ती अन्ना डीएमके सरकार में) तमिलनाडु के परिवहन मंत्री के आधिकारिक पद का अपने भाई आर. वी. अशोक कुमार और निजी सहायकों बी. शन्मुगम और एम. कार्तिकेयन के साथ मिलकर दुरुपयोग किया.एजेंसी ने दावा किया है कि परिवहन निगमों में वाहन चालक, कंडक्टर, कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ अभियंता और सहायक अभियंता के पदों पर नियुक्ति के लिए आरोपी ने अभ्यर्थियों से अवैध तरीके से लाभ प्राप्त किए. केंद्रीय एजेंसी ने कहा, 'ईडी की जांच के दौरान बैंक स्टेटमेंट के विश्लेषण से पता चलता है कि आरोपी वी. सेंथिल बालाजी और उनकी पत्नी एस. मेगला के बैंक खातों में बड़े पैमाने पर नकदी जमा हुई है.'

**ईडी ने कहा**– जांच में सहयोग भी नहीं किया ईडी ने आरोप लगाया है, ईडी ने अपराध से प्राप्त राशि के उपयोग और धन के बदले नौकरी घोटाला के कामकाज के तरीकों और साठगांठ के संबंध में ठोस सबूत इकट्ठा किए हैं. ईडी ने कहा कि बालाजी से इन ठोस साक्ष्यों के आधार पर पूछताछ की गई और वह उनका खंडन करने में असफल रहे और कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके, इतना ही नहीं उन्होंने जांच में सहयोग भी नहीं किया.

## दिल्ली से लेकर बिहार तक बरसेंगे बादल, देश के इन राज्यों में पारा हुआ 35 पार, अपने प्रदेश का हाल

देश भर के कई राज्यों में बारिश की वजह से मौसम सुहावना बना हुआ है, वहीं कई राज्यों को मानसून सक्रिय न होने के चलते थोड़ी उमस का सामना करना पड़ रहा है. मौसम विभाग के मुताबिक राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार (18 अगस्त) को मौसम साफ रहने की उम्मीद है. वहीं 19 और 20 अगस्त को झमाझम बारिश होने के आसार हैं. इसके अलावा दिल्ली का ?अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रह सकता है.मौसम विभाग के अनुसार उत्तर प्रदेश में शुक्रवार 18 अगस्त को मौसम साफ रहने की उम्मीद है. इसके अलावा प्रदेश में 19 और 20 अगस्त को हल्की बूंदाबांदी नजर आएगी, इसके बाद पूरा हफ्ता मौसम साफ रहेगा. विभाग के अनुसार बारिश न होने की वजह से राज्य के तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है.36 डिग्री पारा किया गया दर्ज

मध्य प्रदेश में शुक्रवार (18 अगस्त) से तेज बारिश का दौर शुरू हो गया है. मौसम विभाग के मुताबिक राज्य में शुक्रवार 18 अगस्त को कहीं कहीं हल्की बारिश



हो सकती है. इसके अलावा 19 और 20 अगस्त को झमाझम बारिश होने की संभावना है. बिहार में भी बारिश कम होने की वजह से तापमान में बढ़ोतरी हो रही है, जिसकी वजह से लोगों को हल्की गर्मी का सामना करना पड़ रहा है.मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार शुक्रवार 18 अगस्त को राज्य के कुछ इलाकों में अगले तीन घंटे तेज बारिश के आसार हैं. गुरुवार 17 अगस्त को राज्य में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

**इन राज्यों में अलर्ट** –उत्तराखंड और हिमाचल में बारिश ने तबाही मचा रखी है. उत्तराखंड में भारी बारिश से हाहाकार मचा हुआ है. ऋषिकेश में गंगा नदी का जलस्तर बढ़ गया है. विभाग ने राज्य में रहने वालों को निर्देश दिए है. साथ ही घूमने जाने वालों के लिए चेतावनी जारी की है.हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में लैंडस्लाइड की घटना हो रही है. जिसके चलते प्रभावित इलाकों से लोगों का रेस्क्यू भी जारी है.हिमाचल की तीनों प्रमुख नदियां ब्यास, रावी और सतलुज नदी उफान पर हैं. राज्य में बाढ़ जैसे हालात है. इसके अलावा कई लोगों की मौत भी हो चुकी है.

**कहां कहां होगी बारिश** –मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार 18 अगस्त सिक्किम, असम, अरुणाचल प्रदेश और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम बारिश के साथ एक या दो स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है.

# प्रभारी मंत्री ने किया वंदना व्यास का सम्मान



**अमित शर्मा राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**

स्वतंत्रता दिवस पर जिले स्तर पर आयोजित कार्यक्रम मैं माननीय श्री महेंद्र सिंह जी सिसोदिया ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री मध्य प्रदेश शासन और जिलाधीश गुना द्वारा कु. वंदना व्यास,स्टूडेंट मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम,बीनागंज को पर्यावरण युवा कार्यक्रम एवं खेल कार्यक्रम युवा एवं महिला सशक्तिकरण और राजकीय और राष्टीय कार्यक्रम में सहयोग करने पर एसडीएम चाचौड़ा की अनुशंसा से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।शासन और प्रशासन द्वारा वंदना को सम्मान मिलने पर चांचौड़ा बीनागंज नगर सहित क्षेत्र में प्रसन्नता का माहौल है।प्रभारी मंत्री और जिलाधीश गुना द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान करने पर केपी सिंह राठौर ब्लॉक समन्वयक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, अरविंद कुमार पारीक प्रधानाध्यापक, सुनील दत्त शर्मा, श्रीमती अनीता प्रिंसिपल, वीरेंद्र सिंह वाइस प्रिंसिपल एंजिल पैराडाइज स्कूल बीनागंज, श्रीमती राजेश्वरी गुलाब सिंह जादौन पार्षद,ललित गुर्जर सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी समिति एबीवीपी, रोशन पाठक उज्जैन,श्रीमती शैलेंद्र पाठक भोपाल, श्रीमती ओम हरी मीणा पर्यवेक्षक महिला बाल विकास सहित अन्य लोगों ने शुभकामनाएं दी है।

### नगर परिषद रन्नौद में ग्रामीणों ने किया नगर परिषद का घिराब

# नगर परिषद सीएमओ को ग्रामीणों ने सोपा ज्ञापन

**संवादातता प्रदीप जैन (पिंटू) रन्नौद** बता दे की रन्नौद नगर परिषद बनते ही नगर में 1100 सो आवास नगर के ग्रामीणों को मिले थे जिसमे पहली किस्त डालते ही लोगो ने आवास का कार्य प्रारंभ कर दिया था चुकी बरसात आते से ही ग्रामीणों को दूसरी किस्त ना डालने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है कही लोग किराए से तो कही लोग टपरिया डाल कर गुजरा कर रहे है आज नगर परिषद पहुंच कर लोगो ने धरना दिया लोगो ने गुस्सा जाहिर किया वार्ड के सभी पार्षद ने भी कहा जल्द से जल्द लोगो की दुसरी किस्त डाल दी जाय इसी बीच नगर परिषद अध्यक्ष पति जमुना कुशवाहा ने सीएमओ पर आरोप लगाते कहा की में सीएमओ साहब से दस बार बोल चुका हु किस्त डाल दो पर सीएमओ साहब सुनते नही है इसी बीच हमने सीएमओ संतोष सोनी से बात की सीएमओ का कहना है कि कुछ कागजों की कमी के कारण यह किस्त डालने में टाइम लग रहा है और में फर्जी काम बिल्कुल नही कर सकता यह पार्षद मेरे ऊपर दबाव बना रहे है चुकी जब तक कागजों की कमी पूरी नहीं हो जाती तब तक किस्त डालने में टाइम लगेगा इसी बीच पार्षद मोना कुशवाहा भी गुस्से में नजर आई और कहा कि हम लोग कब तक अपने वार्ड के लोगो को समझाए की आज डालेगी या कल जल्द से जल्द किस्त डाली जाए अन्यथा हम लोग शिवपुरी कलेक्टर का घीराब करेग



### सीएम राइस स्कूल भूमि का सीमांकन 3 दिवस के अंदर कराने हेतु नगर वासियों ने दिया आवेदन



**अमित शर्मा राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**

पूर्व में भी नगर वासियों द्वारा पुनः सीमांकन करवाने हेतु एवं जगह उपलब्ध कराने के लिए आवेदन दिया गया था विधायक लक्ष्मण सिंह जी ने भी कलेक्टर महोदय से मुलाकात कर जगह उपलब्ध कराने की मांग की थी लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण नगर वासियों ने पुनः अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को आवेदन देकर मांग की गई कि तीन दिवस में पुनः पूर्व वाली टीम से सीमांकन कराया जाए अगर ऐसा नहीं होता है तो फिर से भूख हड़ताल पर आवाज को बैठना पड़ेगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की रहेगी

# मुंगावली स्थित मल्हारगढ़ रोड पर संजय ग्रीन हाउस में आम आदमी पार्टी की मीटिंग हुई



**मुंगावली -दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता जितेंद्र राय**

-जिसमें श्री जगदीश लाल यादव एडवोकेट को नियुक्ति की गई पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर ग्राम समितियां और तैयार की जा रही हैं इसको लेकर विस्तृत विधानसभा मैं सेक्टर वार चर्चा की गई पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा श्री यादव का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया बधाई दी कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ कार्यकर्ता विकास कपूर एडवोकेट प्रदेश संयुक्त सचिव लीगल विंग श्री जगप्रीत सिंह प्रदेश संयुक्त सचिव विंग ब्लॉक अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद अहिरवार ब्लॉक अध्यक्ष असलम खान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ संभागायुक्त ने ली बैठक

# विधानसभा निर्वाचन की तैयारी के संबंध में बैठक आयोजित



**राकेश परिहार पिछोर**

**शिवपुरी,** संभागायुक्त दीपक सिंह ने शिवपुरी भ्रमण के दौरान राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक रखी और फोटो निर्वाचक नामावली का द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 के कार्यों के संबंध आवश्यक चर्चा की। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण का दायित्व सभी का है। इसमें राजनीतिक दल के प्रतिनिधि भी प्रशासन की टीम के साथ समन्वय से कम करें कोई भी मतदाता ना छूटे मतदाताओं को जोड़ने के लिए लोगों को जागरूक करें समय-समय पर बीएलओ के कार्य का निरीक्षण होना चाहिए निर्वाचन संबंधी कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे इसके लिए जिला प्रशासन और राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के बीच भी बेहतर समन्वय होना जरूरी है।संभागायुक्त ने कहा कि निर्वाचन बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है और यह लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। आगामी समय में विधानसभा निर्वाचन होना है जिसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। अभी मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम किया जा रहा है। यदि कोई मतदाता छूटा हुआ है तो उसका नाम अवश्य जुड़वाएं।

# 18 वर्ष से अधिक का कोई मतदाता न छूटे, सभी का नाम सूची में हो– संभागायुक्त दीपक सिंह

### आगामी विधानसभा निर्वाचन के संबंध में अधिकारियों को दिए निर्देश

**राकेश परिहार पिछोर**

**शिवपुरी,** ग्वालियर संभागायुक्त दीपक सिंह ने विधानसभा क्षेत्रों के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की बैठक ली और निर्वाचन कार्यों के संबंध में निर्देश दिए हैं। जिले में 18-19 वर्ष के मतदाताओं के नाम बढाने, महिला मतदाताओं के नाम बढाने, विशेष पिछडी जनजातियों के नाम बढाने का कार्य में लापरवाही न बरती जाए। किसी भी मतदाता का नाम काटने से पहले 7 दिवस पूर्व उसको नोटिस दिया जाए। इसके उपरांत नाम काटे जाने की कार्यवाही की जाए। अधिक से अधिक संख्या में नवीन मतदाताओं के नाम बढ़ाए जाए, किसी भी नवन मतदाता का नाम मतदाता सूची में नहीं छूटना चाहिए। ग्वालियर संभागायुक्त दीपक सिंह ने कहा कि मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम बड़ाने के संबंध में महाविद्यालय एवं विद्यालयों में शिविरों का आयोजन भी किया जाए। स्वीप गतिविधियों का निरंतर संचालन किया जाए। संबंधित अधिकारी समय-समय पर मतदान केन्द्रों की मॉनिटरिंग भी करें और ऐसे क्षेत्रों का निरीक्षण भी विशेष रूप से किया जाए जहां पूर्व विधानसभा निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत कम रहा। मतदान केन्द्रों में आवश्यक सुधार एवं व्यवस्थाएं भी की जाए। उन्होंने कहा कि ऐसी लाड़ली बहनाएं जिनके नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं किए गए है, उनके नाम प्राथमिकता के साथ जोड़े जाए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किया गया टोल फ्री नम्बर 1950 के संबंध में भी मतदाताओं को जानकारी दी जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्वीप बोर्ड, डाक मतपत्र, दिव्यांग मतदाताओं के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी, अपर कलेक्टर विवेक रघुवंशी, डिप्टी कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी जे.पी.गुप्ता सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# लीनेस मैत्री क्लब नें मनाया सावन महोत्सव



**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**



**दमोह।** लीनेस मैत्री क्लब में आया सावन झूम के कि थीम पर हर्षोल्लास से सावन महोत्सव मनाया गया। क्लब कि अध्यक्ष रोजी बग्गा ने सभी को सावन महोत्सव की बधाई दी। उन्होंने बताया कि क्लब में हर सदस्य की उम्र को ध्यान में रखकर 1960 की हीरोइन से लेकर 1990 तक की हीरोइन बनने का मौका क्लब के सदस्य को दिया गया है इस दौरान मेंबर्स ने रेट्रो लुकमे हीरोइन बन कर नृत्य किया।भव्य सावन महोत्सव का सफल आयोजन की प्रोजेक्ट डायरेक्टर जया बुधवानी,अंजना सोनी,पद्मा दुबे, रही। इस शानदार कार्यक्रम में जज की भूमिका में पूजा मलैया एवं कमलेश छाबड़ा रही। पुराने अनमोल गानों पर प्रस्तुतियां देखकर निर्णायक असमंजस से में पड़ गए कि किसे प्रथम स्थान दें और किसे द्वितीय । बरखा गुप्ता प्रथम स्थान, रजनी खरे द्वितीय स्थान एवं रिम्मी जुनेजा तृतीय स्थान, स्मृति खरे, नर्मदा एकता,पर रही। सावन महोत्सव पर आकर्षक परिधान में सभी ने पुरानी फिल्मी हीरोइन बनकर आकर्षक इनाम जीते। कोषाध्यक्ष ज्योति सचदेव ने ने सभी का आभार जताया।

### चुनावी समय मे जातिगत राजनिती करने वालो से करना है परहेज....विधायक जायसवाल

**वारासिवनी**....खैरलांजी जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत वन ग्राम ग्राम पंचायत झिरिया मे वारासिवनी - खैरलांजी क्षेत्रीय विधायक व मध्यप्रदेश राज्य खनिज विकास निगम अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल द्वारा स्वयं के विधायक निधि से निर्मित सी.सी.सड़क ,डिवाइडर सह पेवर ब्लाक निर्माण एवं पाइप पुलिया निर्माण कार्य का लोकार्पण उत्साह के साथ किया गया। आजादी के पर्व के अंतर्गत लोकार्पण कार्यक्रम में विधायक प्रदीप जायसवाल, पूर्व सांसद बोधसिंह भगत व अन्य अतिथि जैसे ही वन ग्राम झरिया पहुंचे। ग्राम झरिया के सैकड़ों ग्रामीणो महिला, पुरूष, युवाओं, छोटे छोटे बच्चों के द्वारा मेन रोड़ पर भव्य स्वागत कर , मेन रोड़ से कार्यक्रम स्थल तक ढोल - शहनाई की धुन के साथ एवं घोड़े को नचाते हुये भव्य रैलीयो के साथ मुख्य अतिथियों को कार्यक्रम स्थल तक लाया गया।

# मुख्यमंत्री के संभावित दौरा कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में प्रभारी मंत्री ने ली अधिकारियों की बैठक



**राकेश परिहार पिछोर**

**शिवपुरी,** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने आज मुख्यमंत्री के संभावित दौरा कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में हेलीपैड एवं सभा स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पोहरी के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में आज राज्यमंत्री दर्जा नरेंद्र बिरथरे, भाजपा जिलाध्यक्ष राजू बाथम, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केशव सिंह तोमर, कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया, डीएफओ सुधांशु यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। प्रभारी मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने कार्यक्रम की संपूर्ण तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हेलीपेड, सभा स्थल की व्यवस्था चाक-चौबंद होनी चाहिए, किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि पार्किंग स्थल मंच से ज्यादा दूर न रहे। यातायात व्यवस्था में परेशानी का सामना न करना प?। यातायात की व्यवस्था सुलभ होनी चाहिए। मुख्यमंत्री के संभावित दौरा कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। जिससे आसपास के क्षेत्रों के ग्रामीण जनों को इसका लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी सौंपे गए दायित्वों को गंभीरता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करें। सौंपे गए दायित्व का ईमानदारी के साथ निर्वहन किया जाए। सभी अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें। प्रभारी मंत्री ने हेलीपैड बनाए जाने हेतु स्थल का किया निरीक्षणपंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने हेलीपैड बनाए जाने हेतु खेल स्टेडियम पोहरी का बारीकी से निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण के निर्देश दिये। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



# कांग्रेस को वोट क्यों देते हैं लोग जबेरा विधायक धर्मेन्द्र सिंह लोधी

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** विधानसभा जबेरा जनपद के अंतर्गत विकास पर्व के अवसर पर जबेरा विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी निरंतर प्रत्येक ग्राम पहुंच रहे हैं जिसमें घांघरी, बहेरिया, कुलुवा,मौसीपुरा, कनेपुर,भजिया,हिनौती ठेंगापटी, शाखा, पहुंचे ग्राम पंचायत मौसीपुरा में सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि पता नहीं लोग कांग्रेस को वोट क्यों देते हैं उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग वोट मांगने आए तो उनसे पूछना कि भैया आपकी सरकार ने 60 साल से अधिक शासन किया है कभी किसी गरीब के हित में कोई योजना चलाई हो तो बताओ।कांग्रेस के पास इस



बात का कोई जवाब नहीं है क्योंकि कांग्रेस सरकार ने कभी कोई योजना गरीब के हित में नहीं चलाई। लेकिन भाजपा की सरकार आते ही गरीब के हित में अनेक योजनाएं चलाई गई है जैसे प्रधानमंत्री आवास, लाडली बहना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, वृद्धा पेंशन योजना, हर घर नल जल योजना, संबल कार्ड योजना, सहित जन्म से लेकर अंत में यात्रा तक भारतीय जनता पार्टी सरकार की योजनाएं गरीबों के हित में चलाई जा रही हैं। इस दौरान ग्राम बहेरिया के लोगों ने विधायक को समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि हमारे ग्राम में बिजली ट्रांसफार्मर जला हुआ है विधायक ने नोहटा एमपीईबी जेई को दूरभाष के माध्यम से निराकरण के लिए निर्देशित किया।

# मिलेनियम पब्लिक स्कूल देवेंद्रनगर में मनाया गया हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस




**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजली टुडे की खबर**

**पन्ना–** पन्ना जिले की देवेंद्र नगर नगर परिषद अंतर्गत संचालित मिलेनियम पब्लिक स्कूल मे मिलेनियम पब्लिक एजुकेशन कमेटी देवेंद्रनगर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आदरणीय मूलचंद कुशवाहा जी के कर कमलों से माध्यम से ध्वजारोहण संपन्न हुआकार्यक्रम का संचालन श्री सोनेलाल कुशवाहा जी के माध्यम से किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ समिति पदाधिकारीगण की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया कार्यक्रम में मार्गदर्शक श्री छोटेलाल कुशवाहा जी डॉक्टर देवेंद्र कुशवाहा जी श्री रामस्वरूप कुशवाहा जी संजय कुशवाहा जी प्रवीण कुशवाहा जी श्री रामलाल कुशवाहा जी श्री भागवत विश्वकर्मा जी श्री सत्येंद्र कुमार प्रजापति जी विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती संत कुमारी पाल जी श्रीमती रोशनी गुप्ता जी सुश्री रूपा कुशवाहा जी सुश्री आसमा सिंह बागरी जी सुश्री प्रियंका कुशवाहा जी श्री महेश कुशवाहा जी श्री देशराज कुशवाहा जी श्री राकेश कुमार बर्मन जी एवं विद्यालय की अभिभावक गण एवं वार्ड वासी उपस्थित रहे। एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया कार्यक्रम का सफल संचालन श्री सोनेलाल कुशवाहा जी के साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापक गौरीशंकर कुशवाहा जी द्वारा किया गया एवं आभार व्यक्त किया गया

# एक विद्यालय ऐसा भी जहां आज तक नही बनी रोड,बच्चे कीचड़ से जाने को मजबूर,ग्रामीण मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने को मजबूर




**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजली टुडे की खबर**

मामला मानिकपुर पंचायत अंतर्गत कटन चौराहे के नजदीक बने शासकीय हाई स्कूल मानिकपुर कला का है जहां विद्यालय का निर्माण तो बड़ी उमंग से करा दिया गया पर मूलभूत जरूरत सड़क का निर्माण नही करवाया गया जिससे विद्यालय आज भी सड़क विहीन है विद्यालय से लगी व्यक्तिगत आराजी को भूमि होने की वजह से यदि तार बाड़ी करवा दी जाती है तो विद्यालय तक छात्रों के पहुंचने का कोई विकल्प नहीं बचता है अभी भी छात्र कीचड़ और दलदल से होकर विद्यालय जाने को मजबूर है।मुख्यमंत्री एक ओर जहां बड़े बड़े दावे कर शिक्षा के छेत्र में आमूलचूल परिवर्तन की बात सीना ठोक कर कहते है उन्हे जमीनी स्तर पर इस विद्यालय का निरीक्षण जरूर करना चाहिए।

विद्यालय के प्राचार्य द्वारा कई बार रोड निर्माण को लेकर पंचायत में आवेदन दिए जा चुके है वर्तमान पंचायत द्वारा भी बताया गया की रोड के प्रस्ताव को फाइल जनपद भेज दी गई है पर कागजी घोड़े दौड़ाने में माहिर जनपद आखिर बच्चो के भविष्य को देखते हुए कब दरियादिली दिखाएगी ये तो भविष्य के गर्त में है फिलहाल तो नौनिहाल शिक्षा की भूख लिए दलदल से विद्यालय जाने को मजबूर हैंबच्चो की परेशानी देखते हुए ग्रामवासी आगामी 18 अगस्त को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित गुनौर दौरे के दौरान व्यथा व्यक्त करने के लिए जाने की तैयारी में हैमैने रोड के लिए आवेदन पत्र लिखा है पंचायत को,बच्चो को आने जाने में बहुत कठिनाई होती है और बारिश में तो केवल इसी वजह से छात्रों की संख्या कम हो जाती है क्युकी चारो तरफ पानी भर जाता है और पक्की सड़क न होने से कीचड़ हो जाता है

**अरुण कुमार मिश्र**
**प्रभारी प्राचार्य**

हमे आने जाने में बहुत दिक्कत होती है सड़क बनवा दी जाए तो हमारे पैरो में कीचड़ नही लगेगा

**शिवानी कुशवाहा**
**छात्रा**

में दिव्यांग महिला हूं मुझे आने जाने के लिए ऑटो की जरूरत रहती है लेकिन ऑटो बरसात के वक्त स्कूल तक नही आ पाता क्युकी सड़क नही है और वैशाखी भी कीचड़ में धसने की वजह से में विद्यालय नही पहुंच पाती। सरकार जल्द से जल्द रोड बनवा दे।

**रश्मि उपाध्याय**
**महिला शिक्षक**

# दमोह वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई ने हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन वैश्य भवन में हुआ संपन्न

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई ने हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन वैश्य भवन जटाशंकर मंदिर के पास में किया। माता लक्ष्मी गणेश जी की आराधना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया सभी ने मधुर स्वर में वैश्य गीत का गायन किया। सुहागिन महिलाओं ने त्योहार को यादगार बनाने के लिए सभी ने सोलह सिंगार कर अपनी सुहाग की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना की इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी महिलाओं ने उत्साह के साथ सभी कार्यक्रमों में भाग लिया। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नगर अध्यक्ष अनीता अग्रवाल ने कमान संभाली महिलाओं ने पारंपरिक हरे रंग का परिधान पहन कर सोलह सिंगार करके अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। जिला अध्यक्ष श्रीमती सुनीता जी ने कहा कि आधुनिक पी?ी हरियाली तीज का महत्व भूलते जा रही है हमें ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से हमारी संस्कृति को जीवित रखना है। हरियाली अमावस्या के महोत्सव में महिलाओं ने वृक्षारोपण कर वृक्षों के प्रति जागरूकता लाने व चेतना जागृत करने का



प्रयास किया।जिला प्रभारी विद्या असाटी ने सभी लोगों से अपने घरों के आसपास पे? लगाने का आवाहन किया उन्होंने कहा पर्यावरण के बिना जीवन नहीं है। जिला महामंत्री नंदा असाटी ने कहा सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन से महिलाओं में आत्मविश्वास और सम्मान को ब?ावा मिलता है। 'सजना है सजना के लिए' थीम पर आधारित कार्यक्रम में महिलाओं ने सोलह सिंगार किया मनमोहन गेम खेला सभी दर्शक मंत्र मुक्त हो गए। एकल नृत्य व सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति हुई सभी ने बहुत मौज मस्ती की। विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गये। सभी बहनों को सुहाग सामग्री का वितरण किया गया।संरक्षक मंडल से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मालती जी, एडवोकेट श्रीमती सुमित्रा अग्रवाल, श्रीमती कमला शाह जी, पार्षद श्रीमती कविता राय, बबीता असाटी माया गुप्ता, मनीषा असाटी विनीता गुप्ता श्रद्धा राय आशा गुप्ता तनुजा चौकसे ,सीमा अग्रवाल आकांक्षा असाटी सुनीता असाटी गीता असाटी संगीता नायक अमित जैन सुधा सोनी सुनीता अग्रवाल पदम जैन ज्योति गुप्ता माधुरी गुप्ता रमा अग्रवाल अंजलि अग्रवाल रिद्धि अग्रवाल मंजू अग्रवाल तारामणि अग्रवाल सुमन अग्रवाल लक्ष्मी गुप्ता शोभा असाटी निर्मला मराठा शिप्रा सराफ साधना गुप्ता अर्चना जैन प्रमिला गुप्ता नीलम अग्रवाल दीप्ति सैन दीपा पटेल समृद्धि अग्रवाल स्वास्ति अग्रवाल श्रेया गुप्ता रेणु गुप्ता की उपस्थिति रही।

# शासकीय हाई स्कूल गुखौर मे ध्वजारोहण कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सतेन्द्र प्रजापति की पुष्पांजलि टुडे की खबर**


देवेंद्र नगर अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल गुखौर में ध्वजारोहण



का कार्यक्रम किया गया जिसमें प्राचार्य श्री खेमचंद गुप्ता जी के कर कमल से संपन्न हुआ एवं शिक्षक श्री गंगाराम पटेल जी शिक्षक श्री के के शुक्ला जी शिक्षक श्री शैलेंद्र कुमार जैन जी , शिक्षिका श्रीमती अनुराधा पटेल, श्री मुकेश पांडे श्री सतेन्द्र प्रजापति श्री प्रज्योत मिश्रा एवं ग्रामवासी एवं अभिभावक उपस्थित रहे विद्यालय के के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पूर्ण सहयोगिता रही कार्यक्रम का संचालन श्री शैलेंद्र कुमार जैन जी के द्वारा किया गया इस 77 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर में विद्यालय एवं ग्राम वासियों के बीच हर्ष उल्लास का माहौल रहा विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रभात फेरी भी की गई उसके बाद विद्यालय की प्राचार्य जी द्वारा कार्यक्रम का आभार व्यक्त किया गया एवं शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा छात्र छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस के संक्षेप में जानकारी प्रदान की गई एवं 77 वे स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाओं के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया

# श्री आई माताजी बेल का बधावा

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**रिपोर्टर खंगारराम मुलेवा**



पाली जिला स्थिति ग्रांम गुड़ा मोकमसिंह में आज श्री आई माताजी की बेल के आगमन की खुशी में धूमधाम से बधावा होगा । सीरवी समाज के सभी भाई बहनों व बुजुर्गो से विशेष निवेदन है कि आज दोपहर लगभग 2 बजे श्री आई माताजी मंदिर ( वडेर ) में बेल का बधावा व स्वागत समारोह होगा । इसलिए आप समय को ध्यान में रखते हुए समय पूर्व एकजुट होकर पधारे श्री आई माताजी बेल का बधावा व स्वागत गाजे बाजे के साथ करना है रामलाल मुलेवा ने बताया की श्री आई माताजी बेलके आगमन से पहले हमें तैयारी करनी होगी ओर बताया की आपने श्री आई माताजी के चमत्कार देखे होंगे, जोधपुर के बिलाड़ गांव में श्री आई माता के मंदिर में 550 सालों से आज तक अंखड ज्योति जल रही है. श्री आई माता का मंदिर विश्व विख्यात तीर्थ धाम माना जाता है

# भारतीय जनता पार्टी ने लाल सिंह आर्य को बनाया गोहद विधानसभा से प्रत्याशी



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गोहद विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 13 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है जिसके लिए 17 अगस्त को जारी हुई सूची में 39 विधानसभाओं के प्रत्याशी घोषित किए हैं जिसमें भारतीय जनता पार्टी ने गोहद विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रत्याशी के रूप में पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य का नाम सूची में जारी किया है जिसको लेकर कार्यकर्ताओं में हर्ष है

# सरपंच,सचिव,सह सचिव कि मिलीभगत से नाली और रोड निर्माण में हो रहा क्रेशर की डस्ट का उपयोग, नाली बनने के बाद कुछ दिन ही टिक पाएंगी नाली जिम्मेदार बेखबर

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** जिले कि ग्राम पंचायत मारुताल सुविधा के लिए बनाये जाने वाली इस नाली और रोड में जमकर धांधली हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच, का टूटना प्रारंभ हो चुका है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है यह नाली और रोड कितने दिन चलेंगी,यह आने वाला समय द्वारा बताया कि लाखों रूपए की लागत से हो रहे रोड और नाली निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार एवं घटिया सामग्री का इस्तेमाल से नहीं हो पाएगा। नाली निर्माण के लिए नीचे फर्श की ढलाई करने में भी खानापूर्ति की गई है और पानी बहाव के कारण गिट्टी डस्ट लगाने के मामले में सचिव नें पूछने पर उनका जबाब था कि उनके स्टीमेट में डस्ट के लगाये जाने का प्रावधान है।








में लाखों रूपए की लागत से नाली निर्माण और रोड का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें जमकर धांधली हो रही है। नाली के निर्माण और रोड के कार्य में गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग हो रहा है। नाली निर्माण में रेत की जगह क्रेशर की डस्ट एवं रोड निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है । लोगों कि सचिव और सहसचिव की साठगांठ के चलते घटिया निर्माण कराया जा रहा है। नाली और रोड निर्माण में क्रेशर डस्ट का अधिक मात्रा में उपयोग हो रहा है। जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर प्रश्न चिह्न लग रहे हैं। हालांकि निमार्ण कार्य अब पूर्ण हो चुका है, और जहां तक यह निर्माण कार्य हुआ है उसके कुछ ही दूरी पर नाली ही बताएँगा। मारुताल पंचायत क्षेत्र में यह पहला कार्य नहीं है, जिसमें पंचायत मे सांठगांठ से सरकारी राशि को दुरूपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि चल रहे रोड और नाली निर्माण में पंचायत के द्वारा इतना घटिया कार्य करवाया गया है कि रोड और नाली एक वर्ष से ज्यादा नहीं टिक पाएगी। ग्रामीणों किया जा रहा है वही रोड और नाली निर्माण में अनेक अनियमितताएं बरती जा रही हैं। और जिम्मेदार अधिकारी इससे बेखबर है।इस निर्माण में नाली का लेबल सही नहीं लिया गया एवं रोड का बेस बिना सीमेंट के सूखी गिट्टी डालकर किया जा रहा है, नाली का लेबल ठीक ना होने के कारण उसमें पानी का बहाव ठीक ढंग निकल कर बाहर निकलने लगी है इस तरह की अनेक अनियमितताएं नाली निर्माण में की जा रही हैं। ग्रामीणों ने इस घटिया निर्माण पर आपत्ति जताई थी लेकिन पंचायत और विभाग के अधिकारियों पर इसका कोई भी प्रभाव नहीं पड़ा।नाली निर्माण में हो रही अनियमितताओ और नाली में क्रेसर कि इंजीनियर का कहना है डस्ट उपयोग करना पूर्णतः गलत है और स्टीमेट में डस्ट लगाने का कोई प्रावधान नहीं है।

जिला पंचायत के अधिकारी

**आपके फोन के माध्यम से खबर मिली है अगर इस तरह कि गढ़बढ़ी है तो उसे चेक करवाता हुं – अर्पित वर्मा सीईओ जिला पंचायत**

संपादकीय

## संसद पर मोदी का एकाधिकार

हाल की अनेक सियासी घटनाओं ने इस खतरे के साफ संकेत दे दिये हैं कि देश की संसद पर सत्ता का लगभग एकाधिकार हो गया है। बहुमत के बल पर संविधान में सरकार बनाने के तो प्रावधान पर हैं लेकिन उसके शब्दों व भावना में कभी भी सर्वोच्च विधायिका पर सत्तारुढ़ दल का एकाधिकार संविधान निर्माताओं व देश के राजनैतिक पुरखों ने सोचा तक नहीं था। दुखद तो यह है कि ऐसा देश की आजादी के हीरक जयंती वर्ष के तत्काल बाद किया गया जिसे श्अमृतकालश कहकर खूब प्रचारित और महिमामंडित किया गया। यह भी सर्वाधिक त्रासदीपूर्ण है कि ऐसा देश के मुखिया यानी प्रधानमंत्री के हाथों हो रहा है जिसका कर्तव्य संसद की उपयोगिता और प्रासंगिकता को बनाये रखना है। वैसे तो मोदी अपने पहले कार्यकाल के प्रारम्भ (2014) से ही सिर्फ संसद ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण व्यवस्था पर एकछत्र राज करने के उपाय करते आये हैं, लेकिन 2019 में विशाल बहुमत पाने के बाद वे पूर्णतरू अनियंत्रित हो गये हैं। मंगलवार को पड़ रहे 76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उनके कामों की समीक्षा करना इसलिये बेहद प्रासंगिक व आवश्यक बन पड़ता है। यूं तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकतंत्र विरोधी कामों की लम्बी फेहरिस्त है और उन पर हमेशा से चर्चा होती भी रही है पर इसी शुक्रवार को समाप्त हुए संसद के मानसून सत्र के दौरान उनके द्वारा अपनाया गया व्यवहार सिर्फ असंसदीय ही नहीं था बल्कि अलोकतांत्रिक भी रहा। पिछले कुछ समय से उनके कामों की देश–विदेश में हो रही आलोचनाओं और भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ दो दर्जन से अधिक विपक्षी दलों की होती लामबन्दी से बौखलाये मोदी के तेवर प्रतिपक्ष के प्रति अत्यंत अपमानजनक और गरिमाहीन होते जा रहे हैं। संसद से चुन–चुनकर मुखर विपक्षी सदस्यों को निकाल बाहर करना, सवालों के जवाबों से कन्नी काटना, व्यवस्था में मनचाहा बदलाव आदि हाल के ऐसे मामले हैं जो देशवासियों की नागरिक आजादी के लिये बड़े खतरे हैं। इस प्रवृत्ति के खिलाफ देश भर में आवाज उठनी आवश्यक है। जिस मणिपुर की हिंसा और महिलाओं के उत्पीड़न पर पूरा देश हिल उठा है, उसे लेकर मोदी और उनकी सरकार ने जैसा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार दिखाया है, वह अपने आप में बेहद शर्मनाक है। पहले तो संसद में इस पर चर्चा कराने के लिये सरकार तैयार ही नहीं थी। बड़ी मुश्किल से इस पर अविश्वास प्रस्ताव के तहत तीन दिवसीय चर्चा हुई तो मोदी स्वस्थ संसदीय परम्परा को धता बताकर पूरी बहस के दौरान आये ही नहीं। वे वैसे भी संसद में कम ही आते हैं। आये भी उन्होंने ऐसे जवाब नहीं दिये जिनमें विपक्ष के सवालों के तथ्यपरक स्पष्टीकरण हों। उत्तर की बजाय अपने सहयोगियों से नारेबाजी कराई तथा विपक्ष को कोसते रहे। अधिक आपत्तिजनक यह है कि मणिपुर की चर्चा से भागने वाले मोदी मध्यप्रदेश की एक सभा में कहते फिर रहे थे कि सत्ता दल गम्भीर चर्चा करना चाहता था परन्तु विपक्ष भाग (बॉयकॉट) गया। सवाल यह है कि अगर सत्ता दल चर्चा करना ही चाहता था तो उसे किसने रोका था? मोदी तो सदन के बाहर पहले भी चर्चा कर सकते थे। मोदी ने स्वयं क्यों नहीं सवा दो घंटे का उपयोग ठोस जवाब के लिये किया। जो बिंदुवार प्रश्न कांग्रेस के गौरव गोगोई ने रखे थे वे उनका सिलसिलेवार जवाब देते। मोदी ने केवल दो–ढाई मिनट इस विषय को दिये और भावनात्मक बातें ही कीं। उन्होंने कहा कि श्मणिपुर में शांति का सूर्य निकलेगाश, पर यह नहीं बताया कि वह कैसे निकलेगा तथा उसमें सरकार की भूमिका क्या रहेगी। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि अमित शाह और मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह की दंगों को रोकने में क्या भूमिका रही। मोदी दरअसल संसद पर ही नहीं वरन एक तरह से समग्र लोकतांत्रिक प्रणाली पर ही अपना एकाधिकार कायम कर रहे हैं। बगैर चर्चा के थोक में कानून बदले जा रहे हैं। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिये बनने वाली समिति से सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को बाहर कर दिया गया है। अब प्रधानमंत्री तथा विपक्ष के नेता के अलावा उनके द्वारा नामांकित एक कैबिनेट मंत्री कमेटी के सदस्य होंगे। अपने एकाधिकार के बारे में मोदी कितने आश्वस्त हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मध्यप्रदेश के एक मंदिर का शिलान्यास करते वक्त उन्होंने कह दिया है कि श्इसका लोकार्पण भी मैं ही करूंगा।श क्या मोदी जी को बतौर तीसरी बार पीएम का चेहरा उनकी पार्टी ने मान लिया है? क्या वे इस कदर शक्तिशाली हो गये हैं कि खुद के बारे में भी सब कुछ तय कर रहे हैं? ये भी सवाल हैं। मणिपुर के अलावा नूंह (मेवात) में हुई हिंसा और जयपुर–मुंबई ट्रेन का वह हादसा जिसमें एक व्यक्ति द्वारा खास सम्प्रदाय के तीन लोगों की हत्या करना यह बतलाता है कि उनका विधायिका पर ही नहीं, कार्यपालिका पर भी ऐसा मजबूत नियंत्रण है कि प्रशासन सरकार को बचाने के लिये या तो मौन है अथवा तथ्यों की तोड़–मरोड़ करने, अपारदर्शिता और गैर जिम्मेदारी का प्रदर्शन कर रहा है। संसद में कही जाने योग्य बातों को सदन के बाहर और बाहर कही जाने वाली बातों को सदन के भीतर कहते–बोलते मोदी ने संसद को अपनी सुविधा और मूड का मंच बना लिया है। हाल के मामलों में उनके जवाब अपरिपक्वता की निशानी तो हैं ही, वे पद की गरिमा भी गिरा चुके हैं। उनकी नजरों में संसद का अर्थ सिर्फ शक्तियां पाना और राज करना है।

# आजादी के पर्व का सिंहावलोकन

**आदित्य नारायण**

*भारत के आजादी पाने का जश्न हम 15 अगस्त के दिन मनायेंगे और आज 14 अगस्त है। अतः हमें 1947 से लेकर अब तक के दौरान स्वतन्त्र भारत की यात्रा का सिंहावलोकन करना चाहिए। यह 75 वर्षों की यात्रा बहुत दुर्गम रही है और अंग्रेजों द्वारा भारत को कंगाल बना कर छोड़े गये देश की गौरवमयी यात्रा रही है।*

भारत के आजादी पाने का जश्न हम 15 अगस्त के दिन मनायेंगे और आज 14 अगस्त है। अतः हमें 1947 से लेकर अब तक के दौरान स्वतन्त्र भारत की यात्रा का सिंहावलोकन करना चाहिए। यह 75 वर्षों की यात्रा बहुत दुर्गम रही है और अंग्रेजों द्वारा भारत को कंगाल बना कर छोड़े गये देश की गौरवमयी यात्रा रही है। मगर इस आजादी की जो कीमत अंग्रजों ने हमसे वसूली वह भी बहुत बड़ी थी क्योंकि भारत से काटकर पाकिस्तान बना दिया गया था। यह पाकिस्तान कम से कम दस लाख लोगों की लाशों पर बनाया गया था जिसमें सर्वाधिक लगभग आठ लाख लोग अकेले पंजाब में ही हलाक हुए थे। दूसरा नम्बर बंगाल का था जिसे विभाजित करके मुस्लिम बहुल इलाकों को पूर्वी पाकिस्तान नाम दिया गया था। विडम्बना यह थी कि अंग्रेजों ने भारत की उन दो पंजाबी व बंगाली संस्कृतियों के लोगों का हिन्दू–मुसलमान के नाम पर बंटवारा किया था जिनकी संस्कृति में मजहब या धर्म उनकी सांस्कृतिक पहचान के बाद दूसरा स्थान रखता था। बंटवारे से पहले इन इलाकों का कोई भी व्यक्ति पंजाबी पहले होता था और हिन्दू या मुसलमान बाद में। यही स्थिति बल्कि इससे भी अधिक गहरी बंगाल में थी जहां बंगाली अपनी संस्कृति के लिए अपने धर्म की परवाह भी नहीं करता था। मगर इतिहास की त्रासदी यह रही कि इन्हीं दोनों प्रदेशों के लोग कम से कम 15 लाख की संख्या में विस्थापित हुए और रातों–रात अमीर से फकीर हो गये। मानव इतिहास की यह ऐसी भयंकर त्रासदी थी जिसमें देश के नाम पर आबादी की अदाल–बदली धर्म के नाम पर हुई। मगर यह सारा कारनामा सिर्फ एक व्यक्ति का था जिसका नाम मुहम्मद अली जिन्ना था। जिन्ना ने साम्प्रदायिकता का जहर उगल कर पूरे भारत के हिन्दू–मुसलमानों को दो राष्ट्रों में बांट दिया था जिसमें उसकी मदद उस समय भारत के कट्टरपंथी हिन्दू संगठनों जैसे हिन्दू महासभा आदि ने की और जिन्ना की मुस्लिम लीग के समानान्तर हिन्दुओं को भड़का कर भारत के बंटवारे को संभव बना दिया। इस काम में उस समय देशी राजे–रजवाड़ों ने इन दोनों संगठनों का सहयोग किया। अंग्रेजों ने एक और चालाकी यह कर दी थी कि भारत व पाकिस्तान को स्वतन्त्र देश घोषित करके उन्होंने यहां की 570 से अधिक देशी रियासतों को भी स्वतन्त्र घोषित कर दिया था और उन्हें विकल्प दे दिया था कि वे चाहे जिस भी देश में अपना विलय कर सकती हैं। भारत की स्वतन्त्रता व इसके बंटवारे का कानून अंग्रेजों ने 16 जुलाई, 1947 को ही घोषित कर दिया था। इससे पहले मार्च 1946 में अंग्रेजों ने घोषणा कर दी थी कि वे भारत को आजाद कर देंगे। जिसके बाद सरदार पटेल ने भारत में देशी रियासतों के विलय की प्रक्रिया कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के तौर पर शुरू कर दी थी क्योंकि अंग्रेज कांग्रेस पार्टी को ही भारत की सत्ता सौंप रहे थे। हैदराबाद, भोपाल, जम्मू–कश्मीर, त्रावनकोर, जूनागढ़ आदि बड़ी रियासतों को छोड़ कर भारतीय भू–भाग की लगभग सभी देशी रियासतों का तब तक भारतीय संघ में विलय हो चुका था। इन शेष बची रियासतों के भारत में विलय में भी सरदार पटेल की महत्वपूर्म भूमिका रही। मगर पाकिस्तान ने आजादी मिलने के बाद कश्मीर पर कबायलियों के छद्म आक्रमण से इसका मामला उलझा दिया और अगले साल 48 में जाकर यह स्वीकार किया कि कश्मीरी आक्रमण में उसकी सेनाएं शामिल हैं। यह सब लिखने का आशय यह है कि आजाद भारत ऐसा लुटा–पिटा भारत था जिसका जमीनी स्तर से विकास किया जाना था। अंग्रेजों ने भारत को किस कदर लूटा था, उसका यही प्रमाण काफी है कि 1939 से 1945 तक चले दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान अंग्रेजों ने भारतीय रेलवे की 40 प्रतिशत से अधिक सम्पत्ति पश्चिम एशिया के देशों में पहुंचा दी थी। युद्ध की विभीषिका ने रेल पटरियों की हालत खस्ता कर दी थी क्योंकि अंग्रेजों ने असंख्य बड़े रेलवे यार्डों को सैनिक अड्डों में बदल दिया था। अपने दो सौ वर्षों के शासन के दौरान अंग्रेजों ने भारत को अपने ब्रिटिश माल का बाजार बना कर रख दिया था और इसे विज्ञान व टैक्नोलॉजी से महरूम कर दिया था। अतः आज की पीढ़ी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि जब अंग्रेज भारत से गये तो ब्रिटेन भारत का लाखों पौंड का कर्जदार था। अतः उन्होंने भारतीय रुपये की विनिमय दर पौंड के बराबर तय की और भारत के साथ पौंड चुकाने की सन्धि की। मगर इसके बाद पौंड लगातार अमेरिकी डालर के मुकाबले कमजोर होता गया। पं नेहरू भारत के प्रथम प्रधानमन्त्री थे। उन्होंने इस लुटे–पिटे भारत को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए विकास के पैमाने के हर क्षेत्र में नई शुरूआत की और देशवासियों को नारा दिया 'आराम हराम है'। मगर दुर्भाग्य से हम आज इस नारे को विस्मृत कर चुके हैं। इसके बाद लाल बहादुर शास्त्री ने 'जय जवान– जय किसान' नारा दिया और इन्दिरा गांधी ने 'गरीबी हटाओ'। हम लगातार तरक्की करते रहे और अपने संविधान को सर्वोपरि मानकर इसके आदर्शों को अपनाते रहे। इसी संविधान की छत्रछाया में भारत के सभी हिन्दू–मुसलमानों, सिखों व ईसाइयों ने मिल कर भारत को महान बनाने का बीड़ा उठाया और आज हम कम्प्यूटर साफ्टवेयर के क्षेत्र में विश्व के सिरमौर हैं परन्तु मणिपुर और हरियाणा से जिस प्रकार की खबरें आयीं उससे हमारी एकात्म भारतीय चेतना को भारी झटका लगा है और हम सोच रहे हैं कि क्या कभी स्वतन्त्र भारत में नागरिकों के एक समुदाय को दूसरे समुदाय के दुश्मन के रूप में निरूपित करने के प्रयास भी किये जा सकते हैं। चाहे सवाल हिन्दू–मुसलमान का हो या मैतेई या कुकी का। यह भारत की विकास गति को उल्टा घुमाने वाली मानसिकता ही कही जायेगी क्योंकि अमेरिका के महान गांधीवादी मानवीय अधिकारों के प्रणेता 'मार्टिन लूथर किंग' के अनुसार जब किसी देश के नागरिक अपने में से ही कुछ नागरिकों को हेय दृष्टि से देखने का काम करते हैं तो वे अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम कर रहे होते हैं क्योंकि उनके देश के विकास में सभी समुदायों की भागीदारी होती है जिसके बिना कोई भी देश कभी भी तरक्की नहीं कर सकता।

# पावन स्वतंत्रता दिवस के अवसर वैश्विक नेतृत्व के संकल्प की शपथ लें

**संजीव ठाकुर**

आइए इस स्वाधीनता दिवस के पर्व पर हम यह संकल्प लें कि भारत को न सिर्फ विश्व का एक सबसे बड़ा लोकतंत्र बनाकर वैश्विक नेतृत्व की संकल्पना को साकार करते हुए नए वैश्विक क्षितिज में नवीन भारत के उदय के लिए प्रण और प्रतिज्ञा लें। भारत की वीरांगनाओं, मनीषियों, तपस्वीओ, शिक्षकों, कलाकारों, वीर योद्धाओं, साहित्यकारों एवं तमाम देश का नेतृत्व करने वाले राजनेताओं के खून और पसीने के संघर्ष के बाद प्राप्त आजादी का महत्व समझते हुए देश को सर्वांगीण विकास की धारा में अग्रसर करते हुए श्रेष्ठ भारत की संकल्पना करते हुए हम दृढ़ संकल्पित होते हैं।भारत की विनम्रता और शांति के पहल की विश्व के सभी राष्ट्र पूरी शिद्दत से इज्जत की नजरों से देखते हैं। भारत सदैव विश्व मंच पर शांति सौहाद्र और विनम्रता की नीति को रखता आया हैस भारत ने सदैव शांति और अहिंसा को ही अपना परम धर्म मान कर वैश्विक शांति की पैरवी की हैस भारत का सदैव मानवतावादी दृष्टिकोण ही रहा है एवं उतनी ही संवेदनशीलता के साथ उसने अंतरराष्ट्रीय जगत पर अपनी बात का प्रभाव छोड़ा हैस पर इसका कतई अर्थ यह नहीं है कि भारत कमजोर या भीरू है। भारत की वैज्ञानिक तथा सामरिक शक्ति अब दुनिया में चौथे नंबर पर आ चुकी है।और हमारे पड़ोसी देश चीन,पाकिस्तान इस मुगालते में बिल्कुल ना रहे कि वह भारत की तरफ आंख उठाकर उस पर किसी भी तरह आक्रमण करने की कोशिश करें। भारत अब एक स्वाभिमानी शक्तिशाली राष्ट्र बन चुका है और किसी भी आतताई शक्ति को हर स्तर पर मुंहतोड़ जवाब दे सकता है। इसीलिए भारत अब धीरे धीरे वैश्विक स्तर पर एक शक्तिशाली और मजबूत राष्ट्र के रूप में उभरा है। भारत की संस्कृति प्रागैतिहासिक काल से विनम्रता,सदाशयता और सज्जनता की रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि पापी को नहीं पाप को नष्ट करना चाहिए। समाजीकरण की प्रक्रिया में मानवता का प्रथम कदम विनम्रता के साथ शुरू हो तो सफलता उसके कदम चूमना शुरु करती है। विनम्रता मनुष्य के जीवन का वह सद्गुण है जो उसे हर मुसीबत से विजई होना सिखाता है। सदाशयता भी यदि विनम्रता के साथ जुड़ जाए तो मनुष्य को ऊंचाइयों पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता है। प्रत्येक मनुष्य जीवन में उस ऊंचाई को अर्जित करना चाहता है, जिसका उसने जीवन में कभी स्वप्न देखा हो, यह जीवन का आवश्यक अंग भी है क्योंकि जीवन की सफलता और सार्थकता एक दूसरे पर आश्रित आवश्यक अंग है। मनुष्य मूल प्रवृत्ति से स्वार्थी, अंहकारी होता है, किंतु जैसे जैसे अपने आसपास के वर्तमान संपर्क में आता है उसकी मूल प्रवृत्ति का लोप होते जाता है तथा नए विचारों का प्रभाव उस पर ज्यादा से ज्यादा होने लगता है। समाज के सामाजिक ढांचे को मजबूती प्रदान करने के लिए सहिष्णुता, करुणा ,सदाशयता आदि गुणों का विकास होता है और इन्हीं गुणों के मिश्रण से विनम्रता रूपी सद्गुण का समन्वय के साथ विकास होता है। विनम्रता के मामले में हम यह कह सकते हैं कि यह वह गुण है जिसे प्रकृति में महान लोगों को ही नवाजा है,या यह कहना चाहिए कि विनम्रता, संयम,सहजता आदि गुणों से ही सामान्य व्यक्ति महानता की ओर अग्रसर होता है। तुच्छ और अंहकारी व्यक्ति विनम्रता को ग्रहण नहीं कर सकता और कूप मंडूक ही बना रहता है। थोड़ा ज्ञान लेकर व्यक्ति श्अधजल गगरी छलकत जाएश की भांति विनम्रता को त्याग देता है ऐसे में वह ना आधा रह पाता है ना ही पूरा हो पाता है। क्योंकि बड़ा और महान व्यक्ति अपनी प्रशंसा को भी सामान्य ढंग से अंगीकृत करता है और प्रशंसा सुनकर फूल कर कुप्पा नहीं हो जाता है। महान सुकरात ज्ञानी होकर भी कहते थे कि मैं अभी कुछ नहीं जानता मैं अज्ञानी हूं। यदि व्यक्ति कोई उपलब्धि हासिल कर ले तो उसका अंहकार करने की बजाय समाज के हित में उसका उपयोग करना चाहिए ना कि केवल अपने तक सीमित रखना चाहिए क्योंकि बिना सार्वजनिक हित व उपलब्धि निरर्थक है। फल आने पर वृक्ष झुक जाते हैं उसी प्रकार उपलब्धि पाने पर व्यक्ति को विनम्र हो जाना चाहिए। विनम्रता,सदाशयता वह गुण हैं जो व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारती है और अहंकार व्यक्तित्व को रसातल पर ले जाता है, क्योंकि अहंकारी व्यक्ति की किसी ज्ञान के प्रति स्वीकारोक्ति लगभग शून्य होती है। विनम्रता को आत्मसात करने वाला व्यक्ति सदा नए विचारों के प्रति आकर्षित रहता है और विनम्रता के साथ नए ज्ञान को आत्मसात करते हुए उसके व्यक्तित्व में स्वतः निखार आने लगता है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम राष्ट्रपति होने के बाद भी विद्यार्थियों के संपर्क में रहकर उनसे संवाद करते थे जो उनकी महानता को सदैव पुनीत करता रहा और उसी विनम्रता सह्रदयता के कारण उन्हें भारत रत्न की उपाधि देकर सम्मानित भी किया गया। ज्ञान का पिपासु व्यक्ति केवल सूचनाओं का भंडारण नहीं करता बल्कि वह उन्हें विनयशील भी बनाने का प्रयास करता है और यही विनम्रता विशाल ह्रदयता व्यक्ति को जीवन पथ पर अग्रसर होने का मार्ग प्रशस्त करती है। विनम्रता से ही व्यक्ति पात्रता ग्रहण करता है और विनम्रता ही व्यक्ति को सामाजिक व्यवस्था में महान बनाती है ताकि उसका जीवन लोकहित में समर्पित रहे। विनम्रता व्यक्तित्व में नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक पहलु है। यदि नेतृत्व करता विनम्र हो उसके नेतृत्व को जनता स्वीकार करती है तो उससे अच्छा एवं समर्थ नायक राष्ट्र में नहीं पैदा हो सकता है। विनम्र शील व्यक्ति जनता के विचारों को आत्मसात कर अपने आप को परिपक्व बनाता है तथा अपने नेतृत्व को एक सही दिशा देने का कार्य करता है। विनम्रता का सबसे बड़ा उदाहरण महात्मा गांधी थे राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान सत्य और अहिंसा को अपना साधन घोषित करते हुए स्वतंत्रता रूपी एक लक्ष्य को प्राप्ति के लिए चुना था और अहिंसा महात्मा गांधी के दो आभूषण की तरह थे जो विनम्रता को और भी मजबूत करते थे। यही कारण है कि हमने उनके नेतृत्व में स्वतंत्रता प्राप्त की थी। विनम्र व्यक्ति सदा सुखी एवं संतुष्ट रहता है क्योंकि उसकी ना तो महत्वाकांक्षा होती है, ना प्रतिस्पर्धा,ना द्वेष,ईर्ष्या ना लोभ ही होता है। सभी सद्गुणों से संपन्न व्यक्ति न सिर्फ अपने लिए बल्कि समाज के लिए भी बहुत उपयोगी होता है। महात्मा बुद्ध के संदर्भ में एक बड़ा ही अनुकरणीय प्रसंग है कि जब वह ज्ञान प्राप्ति के लिए देशाटन में इधर–उधर वितरण कर रहे थे, तब लोगों ने उन पर पत्थर बरसाए उन्हें गालियां दी एवं उनको प्रताड़ित भी किया किंतु महात्मा बुद्ध इससे बिना विचलित हुए अपने कार्य तथा साधना की ओर अग्रसर होते हुए उन्होंने अंततः मां निर्वाण प्राप्त किया। और उनका ज्ञान का भंडार आज भी करोड़ों लोगों के लिए मार्गदर्शक बना हुआ है। विनम्रता और सदाशयता वह महान गुण है एवं क्षमता है जो किसी भी व्यक्ति या समाज का ह्रदय परिवर्तन कर सकती और जीवन को सार्थकता की ओर ले जा सकती है। समाज का कुछ वर्ग विनम्रता को व्यक्ति की कमजोरी समझने का मुगालता पाल लेता है और इसी विनम्रता से ओतप्रोत व्यक्ति का आकार से दमन करने का प्रयास करता है किंतु यह एक सत्य बात है कि सत्य को कभी दबाया नहीं जा सकता ना ही प्राप्त किया जा सकता है, उसी तरह विनम्रता की शक्ति इतनी व्यापक होती है के पर्वत के समान कठोर बाधा भी दूर किसके सामने हो जाती है हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने विनम्रता के साथ ब्रिटिश बाधा को नेस्तनाबूद कर दिया था। विनम्रता और सहिष्णुता ही है जिसने हमारी भारतीय संस्कृति को हजारों वर्षों से शास्वत बना के रखा है। किसी व्यक्ति समाज और किसी राष्ट्र के लिए विनम्रता सहिष्णुता और विचार शीलता ऐसे महान गुण उसे विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर कर सकते हैं।

# देश की आजादी में हरियाणा

**प्रियंका सौरभ**

स्वतंत्रता आंदोलन की आग में पूरा हरियाणा जल उठा था। बात 1857 की है, जब प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन में आजादी के दीवाने जंग में कूद पड़े। उस दौरान हरियाणा से 3000 हजार से ज्यादा लोग मारे गए थे। अंग्रेजों ने कुछ को पकड़ कर फांसी पर लटका दिया तो कुछ को गोली से उड़ा दिया। इस पर भी बस नहीं चला तो कई गांवों को जलाकर राख कर दिया गया। हरियाणा का यह भूभाग उस समय पंजाब प्रांत का भाग था। इतिहास उठाकर देखिए, हरियाणा का हर जर्रा खून से भीगा दिखाई देगा। आजादी की जंग जीतने में जहां देश के जवानों ने कोई कसर नहीं छोड़ी, वहीं अंग्रेजों ने भी क्रूरता की हद पार कर दी थी। स्वतंत्रता आंदोलन की आग में पूरा हरियाणा जल उठा था। बात 1857 की है, जब प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन में आजादी के दीवाने जंग में कूद पड़े। उस दौरान हरियाणा से 3000 हजार से ज्यादा लोग मारे गए थे। अंग्रेजों ने कुछ को पकड़ कर फांसी पर लटका दिया तो कुछ को गोली से उड़ा दिया। इस पर भी बस नहीं चला तो कई गांवों को जलाकर राख कर दिया गया। हरियाणा का यह भूभाग उस समय पंजाब प्रांत का भाग था। क्रांतिकारी सिपाही मंगल पाण्डेय के नेतृत्व में 10 मई 1857 को प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन की शुरूआत की गई थी। इस दौरान 13 मई को जब गुड़गांव और अन्य जिलों में भी यह आग भड़की तो हरियाणा से बहुत से वीर इसमें शामिल हो लिए। इनमें कई वीरों ने अपनी जान गवांई। हरियाणा गर्व करता है कि देश की आजादी की क्रांति में उसका एक स्थान है। भारतीय इतिहास महाभारत से जुड़ा है जिसे अब हरियाणा कुरुक्षेत्र भूमि कहा जाता है। जहां सही और गलत के बीच सबसे बड़ी लड़ाई हुई। यह दिलचस्प है कि हरियाणा कई युद्ध दृश्यों के लिए एक युद्ध का मैदान रहा है। हरियाणा का गठन 1966 में हुआ था। यह पहले पंजाब का हिस्सा था और इसलिए स्वतंत्रता के लिए स्वतंत्रता संग्राम में पंजाब का बहुत उल्लेख है, लेकिन लोगों के बलिदान के मामले में हरियाणा के योगदान के रूप में बहुत कम जाना जाता है। हरियाणा में ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह की पहली चिंगारी 10 मई 1857 को अंबाला से शुरू हुई थी, यहीं पर देशी पैदल सेना के सैनिकों विद्रोह शुरू किया था। उसी दिन मेरठ स्थित देशी पैदल सेना में इसी तरह का विद्रोह किया, यह घटना तेजी से सभी भागों में फैल गई। किसान सैनिक और स्थानीय नेता पिनगवां के मेव सदरुद्दीन स्थानीय नेताओं जैसे राव तुलाराम और उनके चचेरे भाई गोपाल देव के नेतृत्व में एक साथ आए थे। जल्द ही समद खान, जनरल मोहम्मद अजीम बेग, राव किशन सिंह राव, रामलाल सभी मिलकर अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह में शामिल हो गए। साधारण, स्थानीय सैनिक और हरियाणा के स्थानीय नेता इस विद्रोह के लिए आगे आये थे, जबकि पड़ोसी क्षेत्रों के नेताओं ने इस महत्वपूर्ण समय के दौरान ब्रिटिश राज के खिलाफ आवाज नहीं उठाई। हरियाणा के अन्य हिस्सों की तरह, रोहतक में भी ब्रिटिश राज के सभी प्रतीकों पर हमला किया और खरखोदा के एक बिसरत अली जो अंग्रेजों में एक रिसालदार थेय सबर खान के साथ एक किसान नेता, स्थानीय लोग सभी एक साथ आए और रोहतक तहसील में ब्रिटिश संपत्ति और निवास पर हमला किया।

## जिले के सभी खराब ट्रांसफार्मर को बदलकर सक्रिय करें-सांसद

# राज्यमंत्री श्री पटेल की उपस्थिति में विद्युत कम्पनी, खाद्य, कृषि विभाग की समीक्षा

**पुस्पंजली टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्री रामखेलावन पटेल और सांसद श्री गणेश सिंह की विशेष उपस्थिति में गुरूवार को विद्युत वितरण कम्पनी, कृषि एवं वेयरिंग हाउस के अधिकारियों की बैठक में जिले में अल्पवर्षा से प्रभावित हो रही खरीफ फसलों के संबंध में चर्चा की गई। सांसद श्री सिंह ने कहा कि जिले के किसानों को खेतों की सिंचाई और घरेलू उपभोक्ताओं को इस सीजन में पर्याप्त निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराये। जिले के सभी खराब और जले हुए ट्रांसफार्मर अभियान स्वरूप बदले जाये। उपभोक्ताओं की विद्युत बिल और विद्युत आपूर्ति की समस्यायें वितरण केन्द्रवार शिविर लगाकर निराकृत की जाये। इस अवसर पर विधायक नागेन्द्र सिंह, विक्रम सिंह, सिद्धार्थ कुशवाहा, कल्पना वर्मा, कलेक्टर अनुराग वर्मा, सीईओ जिला पंचायत डॉ. परीक्षित झा?, अपर कलेक्टर ऋषि पवार, आयुक्त नगर निगम अभिषेक गहलोत, अधीक्षणयंत्री जीडी त्रिपाठी सहित संबंधित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। विद्युत वितरण कम्पनी के कार्यों की समीक्षा में



अधीक्षणयंत्री जीडी त्रिपाठी ने बताया कि जिले में कुल 24 हजार ट्रांसफार्मर है। इस वर्ष 1324 ट्रांसफार्मर जले हैं। जिनमें 1068 ट्रांसफार्मर बदल दिये गये हैं। 72 ट्रांसफार्मर और बदलने योग्य हैं। सतना जिले में कुल 410 फीडर है। जिनमें 50 फीडर सेपरेशन हुए हैं। आरडीडीएस योजना में 240 फीडर सेपरेशन का कार्य लिया गया है। एजेंसी अशोका बिल्डिकान इस कार्य को 24 माह में पूरा करेगी। सांसद श्री सिंह ने कहा कि जिले में निर्णय का प्रस्ताव एमडी को भेजा जाये कि लिजिबल और इलिजिबल सभी तरह के ट्रांसफार्मर अवर्षा की स्थिति को देखते हुए बदले जायें।उपसंचालक कृषि मनोज कश्यप ने बताया कि चालू वर्षा काल में जिले में 390 एमएम वर्षा हुई है। जबकि गत वर्ष इस अवधि में 503 एमएम वर्षा हो चुकी थी। खरीफ मौसम में क्षेत्राच्छादन के लक्ष्य 3 लाख 35 हजार हेक्टेयर के विरूद्ध अब तक 3 लाख 20 हजार हेक्टेयर में बोनी पूरी कर ली गई है। जो कि 95.52 प्रतिशत है। सांसद श्री सिंह ने कहा कि मोटे अनाज के उत्पादन ब?ाने के निर्देश दिये गये थे। फिर भी जिले में मिलेट अनाजों की बोनी का रकबा ब?ा नहीं है। उपसंचालक कृषि ने बताया कि जिले में निर्धारित लक्ष्य 59467 में टन खाद भण्डारण के विरूद्ध 65382 में टन खाद का भण्डारण है। जिले में 2 लाख 26 हजार 826 किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि मिल रही है। खाद्य आपूर्ति निगम के वेयर हाउसिंग प्रबंधक ने बताया कि जिले में 29 शासकीय गोदाम सहित सभी सेक्टरों के कुल 177 गोदाम है। जिनकी भण्डारण क्षमता 8 लाख 37 हजार 871 एमटी है। फिलहाल गोदामों में 2 लाख 45 हजार 70 एमटी की क्षमता भरे है। जिले में वर्तमान स्थिति में बन रहे निजी सेक्टर में वेयर हाउसिंग का कोई स्कोप नहीं है। शासकीय गोदामों की क्षमता 50118 एमटी और निजी सेक्टर की 6 लाख 95 हजार एमटी उपलब्ध है।

# करमनघाट ने जीती प्रतियोगिता



**पुष्पाजंली टुडे**

**हैदराबाद ।**श्री आईजी मित्र मंडल द्वारा एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन अलमासगुडां स्थित एम.सी.जी. मैदान में हुआ। इस प्रतियोगिता में 4 टीमों ने भाग लिया । मैच का शुभारंभ आईमाताजी आरती व राष्ट गान से हुआ। प्रतियोगिता का आगाज वडेर के अध्यक्ष हंसाराम आगलेचा सचिव हिरालाल सेंणचा की उपस्थिति में हुआ। इस प्रतियोगिता में समाज के पदाधिकारियों एवं समाज सदस्यों द्वारा मित्र मंडल को स्पॉन्सर द्वारा राशि भेट की गई। पहला मैच करमनघाट एवं अलमासगुडां से करमनघाट विजय हासिल की दुसरा मैच बिऐन रेड्डी नगर एवं हायतनगर से उसमें विजय हायतनगर हुआ तीसरा मैच अलमासगुडां एवं बिऐन रेड्डी नगर के बीच हुआ । जिसमें अलमासगुडां विजय हुआं। उसके बाद में फाइनल मुकाबला करमनघाट व हायतनगर के बीच में रोमांचक मुकाबले में करमनघाट ने शानदार जीत हासिल करी बहुत ही शानदार जीत के बाद अध्यक्ष महोदय द्वारा स्पॉन्सर के अलावा टोटल खर्च एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का सम्पूर्ण खर्च हंसाराम आगलेचा द्वारा दिया किया गया। इस मौके पर खेल प्रेमी प्रकाश चोयल, रमेश सोलंकी ने सभी विजेता खिलाड़ीयों को नगद पुरस्कार लिया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष वेनाराम बर्फा, सह-सचिव प्रकाश आगलेचा, उपाध्यक्ष मुलाराम चोयल, भंवरलाल चोयल, सलाहकार पुखराज सोयल, गजाराम सेंणचा, दोलाराम पंवार, कोषाध्यक्ष दीपाराम काग, सह-कोषाध्यक्ष उदाराम बर्फा, मिडिया प्रभारी अमरराम सिंदरा, दिलीप आगलेचा, गोविंद पवांर उपस्थित रहे। भोजन की व्यवस्था भोणाराम बर्फा की देख रेख में की गई। इस कार्यक्रम में कॉमेंट्री ललीत चोयल सचिव हिरालाल सेंणचा ने किया। खेल मंत्री धनराज चौहान सह-खेल मंत्री डूंगाराम सोलंकी ने व्यवस्था मे सहयोग दिया। इस कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्य मौजूद रहे।

# औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर विकास भवन में एम डी ने प्रबंधकों की समस्याओं को लेकर की बैठक



**दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर**

मालनपुर विकास भवन परिसर के अंदर बने बैठक भवन में आज औद्योगिक क्षेत्र के एम डी डाक्टर नवनीत मोहन कोठारी ने उद्योग क्षेत्र के समस्त प्रबंधकों को बुलाकर रूबरू हुए एवं चर्चा की मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र को सुंदरीकरण एवं मूलभूत समस्याओं से निजात दिलाने के लिए अपना अपना सुझाव दें मालनपुर उद्योग क्षेत्र स्थित फर्टिलिटी एग्रो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधक पंकज जैन ने बताया कि हमारी फैक्ट्री के बगल में एक खाली प्लाट पड़ा हुआ है जिस पर हम उद्योग स्थापित करना चाहते है इस के लिए हम पिछले 6 महीने से कार्यालय की चक्कर काट रहा हूं डाक्टर नवनीत मोहन कोठारी ने आश्वासन दिया कि आप हमसे भोपाल आगे मिले हम आपको इस प्लॉट को कारखाना बनाने के लिए दिलवाते है और जैन ने कहा की हम सब के एक ऐसा पोर्टल तैयार किया जाए जिस पर हम उद्योग चलाने में आ रही समस्याओं को डाल सके जिसका निराकरण लगभग 3 दिन में हो जाए तो एमडी ने कहा कि हम जल्द ऐसा पोर्टल तैयार करेंगे जिससे प्रबंधकों को उद्योग चलाने में आ रही समस्याओं से निजात मिल सके इसी क्रम में उद्योग क्षेत्र गोदरेज कंज्यूमर लिमिटेड कंपनी जी एम अविनाश मिश्रा एवं जी एम सूर्या रोशनी मुकुल चतुर्वेदी ने कहा कि उद्योग क्षेत्र के लिए एक मुख्य गेट बनाया जाए जिससे उद्योग क्षेत्र का सौंदर्यीकरण हो बाहर से आए विजिटर को अच्छा लगे रोड के किनारे खड़े खड़ी झाड़ियों की सफाई नियमित रूप से की जाए डिवाइडर पर फूलदार वृक्ष फलदार छायादार पौधे लगाए जाएं और इसी क्रम में मोंटेज (फिलैक्स )प्राइवेट लिमिटेड एचआर हेड अजय सिंह चौहान ने कहा कि जहां पर करखाने बंद पड़े है वहां का नाला बना दिया गया है मगर हमारी कंपनी के सामने का नाला निर्माण नहीं कराया गया जिससे हमें परेशानी का सामना उठाना पड़ रहा है प्रबंधकों ने बिजली पानी रोड लोयन ओडर की समस्या के बारे में एमडी को अवगत कराया उन्होंने आश्वासन दिया है एवं प्रॉपर्टी टैक्स को लेकर नगर परिषद के बारे में प्रबंधकों ने बताया तो कोठारी ने कहा की इसको लेकर शासन से बात चल रही है डबल टैक्स नहीं लिया जाएगा हम उद्योग क्षेत्र में नई इकाइयां लगेंगे एवं इकाइयां चलने में आ रही समस्या का पूर्ण रूप से समाधान किया जाएगा जिससे क्षेत्र मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र सुचारू रूप से नियमित कारखाने चलते रहे इस उद्योग की बैठक में उपस्थित हुए मालनपुर विकास भवन प्रबंधक संजय शर्मा, बिजली विभाग डी हरीश मेहता, संतोष पाठक, अमित भार्गव, मुकुल चतुर्वेदी, सौरभ भार्गव, धर्मवीर सिंह , योगेश चौहान, एम एन क्यू शम्सी ऐसे दो दर्जन से ज्यादा इकाइयों के प्रबंधक और मैनेजर उपस्थित रहे

## नगर परिषद मौ में स्वतंत्रता के शुभ अवसर पर महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर झंडा वंदन राष्ट्रगान हुआ और साथ ही में प्राइवेट स्कूलों के द्वारा महान पुरुषों की शोभा यात्रा एवं चल समारोह निकाला गया



**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ. बेताल सिंह गौड़**

इसके बाद अध्यक्ष प्रतिनिधि सज्जन सिंह यादव जी ने अध्यक्ष श्रीमती बंदना यादव जी एवं उपाध्यक्ष श्री मति नीरू कुशवाह व पार्षदों एवं सभी मान्य भावों का सम्मान किया एवम् नगर परिषद कर्मचारियों को सम्मान प्रमाण पत्र एवं माला पहनाकर उनका सम्मान किया एवम अभी हाल



ही में नगर परिषद मौ से सेवानिवृत्त कर्मचारियों का भी माला पहनाकर सम्मान किया मौ नगर के गई प्राइवेट स्कूलों के द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों को महान पुरुषों के रूप में घोड़े पर सवार कर बच्चों के द्वारा तिरंगा यात्रा एवं सभी स्कूल के टीचरों के द्वारा चल समारोह मौ नगर में निकाला गया आजादी के इस पावन पर्व पर समस्त नगर में हर्ष उल्लास के साथ इस पर्व को मनाया गया

# थाना चित्रकूट पुलिस की एक और बडी कामयाबी डकैती करने की योजना बनाने वाले कुल सशस्त्र 05 अन्तर्राज्यीय बदमाशो को डकैती अन्जाम के पूर्व किये गये गिरफ्तार



**पुस्पांजली टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

श्रीमान आशुतोष गुप्ता पुलिस अधीक्षक महोदय सतना के कुशल निर्देशन एवं श्री विक्रम सिंह कुशवाह अति पुलिस अधीक्षक सतना के मार्गदर्शन एवम श्री भारतेन्दु शर्मा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चित्रकूट जिला सतना (म.प्र.) के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी चित्रकूट उनि अभिषेक पाण्डेय के नेतृत्व त्वरित कार्यवाही से 05 अन्तर्राज्यीय सशस्त्र बदमाशो के द्वारा राधेश्याम पाण्डेय के घर मे मे डकैती करने की योजना बना रहे ,घटना घटित करने से पूर्व किये गये गिरफ्तार ,

**घटना विवरण**-दिनाक 17/08/23 को सउनि शारदा प्रसाद सोनवंशी को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि सती अनुसुइया मोड़ से सती अनुसुइया जाने वाली रोड़ झुरी नदी पुल के पूर्व दिशा मे लगे जंगल मे 5 अज्ञात बदमाश हथियार से लैस होकर महुआ के पेड़ के नीचे बैठे है उन लोगों के पास कट्टा, चाकू, कुल्हाड़ी भी है। आपस मे पाचों व्यक्ति रात्रि मे डकैती करने की योजना बना रहे है । साक्षीगणो को मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना से अवगत कराया गया जो कार्यवाही में साथ चलने की सहमति जाहिर किये बाद सूचना की तस्दीकी व कार्यवाही हेतु पुलिस स्टाफ को तीन पार्टियों में विभाजित कर सभी को मुखबिर सूचना से अवगत कराया जाकर पासवर्ड बताया गया । पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर लुकते छिपते झाड़ियों के आड़ से पास तक जाकर आवाज को सुने जो बदमाश आपस में सती अनुसुइया मे राधेश्याम पाण्डेय के घर मे रात्रि में डकैती डालने की बात कर रहे थे जो तीनों पुलिस पार्टियों द्वारा एक साथ विधिवत रेड कार्यवाही की गई जो पुलिस बल को देखकर एक साथ बैठे पांचो लोग भागने का प्रयास किये जो तीनों पुलिस पार्टी एवं स्वतंत्र साक्षी द्वारा घेराबंदी कर सभी लोगों को पकड़कर अभिरक्षा में लेकर संदिग्ध व्यक्तियों से नाम पता पूछने पर अपना अपना नाम 01. दीपू उर्फ दीपक साहू पिता स्वर्गीय रतन लाल साहू उम्र 23 वर्ष निवासी मनोरीगंज मर्दन नाका थाना कोतवाली शहर जिला बांदा (उ.प्र.), 02 प्रमोद साहू पिता स्वर्गीय रतन लाल साहू उम्र 25 वर्ष निवासी मनोरीगंज मर्दन नाका थाना कोतवाली शहर जिला बांदा (उ.प्र.), 03. रिंकू चौरसिया पिता सुरेशचन्द्र चौरसिया उम्र 24 वर्ष निवासी मुचेना मोहल्ला थाना कोतवाली नगर जिला बांदा (उ.प्र.), 04. अनुराग उर्फ आदित्य सोनी पिता किशन सोनी उम्र 22 वर्ष निवासी बिनौठा मोहल्ला थाना कोतवाली शहर जिला बांदा (उ.प्र.), 05. लवलेश यादव पिता रामदीन यादव उम्र 29 वर्ष निवासी पतवन थाना बबेरू जिला बांदा (उ.प्र.) का होना बताये जिनको दस्तयाबी किया गया। बाद सभी से पृथक पृथक पूछताछ की गई सभी ने बताये कि दिनांक 17.08.2023 को हम 5 लोग मिलकर झुरी नदी से कच्चा रास्ता जंगल इक्कठ्ठा होकर आज की रात्रि को राधेश्याम पाण्डेय निवासी सती अनुसुइया के घर मे डकैती डालने की योजना बना रहे थे एवं दिन में सती अनुसुइया राधेश्याम पाण्डेय के घर के आसपास घूमकर रैकी किए थे। तत्पश्चात उपरोक्त 5 नफर संदिग्धों की समक्ष गवाहान विधिवत तलासी ली गयी जो संदिग्धों के कब्जे के पाये गये 02 देशी कट्टा 02 कारतूस, 02 अदद लोहे का धारदार चाकू जिसमें लकड़ी की मुठ लगी, 01 अदद लोहे की धारदार कुल्हाड़ी जिसमें लकड़ी का बेट लगा पाये गये । उक्त हथियार रखने के सम्बन्ध मे कागजात चाहे गये जो उनके पास नही थे । आरोपीगणो द्वारा डकैती एवं व्यपहरण प्रभावित क्षेत्र में घातक हथियारों से लेश होकर सती अनुसुइया मे राधेश्याम पाण्डेय के घर मे डकैती की योजना बना रहे थे जो आरोपीगण उक्त का कृत्य धारा 399, 402 ढ्डक्ष्ट, 25(क्ष्क), 25/27 आर्म्स एक्ट, धारा 11,13 एडी एक्ट का पाये जाने विधिवत गिरफ्तार किया गया ।आरोपीगण उपरोक्त के **विरूध्द धारा** 399, 402 ढ्डक्ष्ट, 25(क्ष्क), 25/27 आर्म्स एक्ट, 11,13 एडी एक्ट का प्रथम दृष्टया अपराध घटित करना पाये जाने से अपराध क्र. 191/23 पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। ।आरोपी गणो को माननीय न्यायालय पेश किया गया है ।

**आरोपीगण**- 01. दीपक साहू पिता स्वर्गीय रतन लाल साहू उम्र 23 वर्ष निवासी मनोरीगंज मर्दन नाका थाना कोतवाली शहर जिला बांदा (उ.प्र.),

02. प्रमोद साहू पिता स्वर्गीय रतन लाल साहू उम्र 25 वर्ष निवासी मनोरीगंज मर्दन नाका थाना कोतवाली शहर जिला बांदा (उ.प्र.), 03. रिंकू चौरसिया पिता सुरेशचन्द्र चौरसिया उम्र 24 वर्ष निवासी मुचेना मोहल्ला थाना कोतवाली नगर जिला बांदा (उ.प्र.),

# सीरवी समाज आईला पुर ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



**पुष्पाजंली टुडे**

**हैदराबाद।**सीरवी समाज वडेर आईला पुर हैदराबाद मैं सावन की सैर का प्रोग्राम संपन्न हुआ। वडेर में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। सचिव मोहनलाल भायल ने कहा कि ये दिन भारत के गौरवशाली इतिहास के सबसे बड़े दिनों में से एक है। वडेर के अध्यक्ष कन्हैयालाल बर्फा ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।उन्होंने कहा की भारत देश महापुरूषों का योगियों का देश है। हमारे देश प्रेम, सम्पूर्ण समर्पण और एकता का प्रतिक है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राकेश सोयल उपाध्यक्ष कुनाराम सोलंकी कोषाध्यक्ष मालाराम सोलंकी सह सचिव बाबूलाल मुलेवा सहित समाज के अनेक गणमान्य मौजूद रहे।

# सतना पुलिस अधीक्षक ने की कई थानों में फेरबदल निरीक्षक कार्यवाहक श्वेता मौर्य को थाना जैतवारा की कमान



**पुस्पंजली टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने कई थाना प्रभारी सहित पुलिस विभाग के किया फेर बदल निरीक्षक रोहित यादव को थाना कोठी से थाना प्रभारी जसो निरीक्षक राजेश पटेल को पुलिस लाइन से थाना प्रभारी कोठी निरीक्षक कार्यवाहक स्वेता मौर्य को पुलिस लाइन से थाना प्रभारी जैतवारा निरीक्षक कार्यवाहक पंकज शुक्ला को थाना नागौद से थाना प्रभारी चित्रकूट उप निरीक्षक अभिषेक पांडे को थाना चित्रकूट से थाना प्रभारी धारकुंडी निरीक्षक अशोक पांडे को पुलिस लाइन से थाना प्रभारी नागौद निरीक्षक कार्यवाहक सतीश मिश्रा को पुलिस लाइन से थाना प्रभारी उचेहरा बनाया गया

## पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों को सौंपी विभिन्न थानों की कमान



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने थाना प्रभारियों को सौपी विभन्न थानों की जिम्मेदारी । सिटी कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र राजपूत, गोहद थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश शर्मा,गोहद चौराहा थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सोनी,मौ थाना प्रभारी निरीक्षक विश्वदीप सिंह परिहार,फूप थाना प्रभारी निरीक्षक रामनारायण सिंह भदौरिया,रौन थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेंद्र सिंह सेंगर,गोरमी थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण चौहान,दबोह थाना प्रभारी निरीक्षक परमानंद शर्मा,आलमपुर थाना प्रभारी निरीक्षक अनीता मिश्रा को बनाया गया है।

# दादाजी स्पोर्ट्स ने जीती प्रतियोगिता

**पुष्पाजंली टुडे**

**हैदराबाद।**सीरवी स्पोर्ट्स क्लब जीडिमेंटला हैदराबाद के तत्वाधान में एक दिवसीय शूटिंग वॉलीबॉल प्रतियोगीता का आयोजन आईमाताजी मैदान जीडिमेंटला मै सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने भाग लिया। जिसमें विजेता दादाजी स्पोर्ट्स मीरपेट रहे।वही उपविजेता कुकत्पली टीम रही।बेस्ट नेटर नरेश बर्फा, बेस्ट सेंटर नेमाराम काग रहे। इस प्रतियोगिता में सीरवी स्पोर्ट्स क्लब जीडीमेटला की ओर से भोजन पानी की व्यवस्था की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ आईमाताजी आरती व राष्ट गान के पश्चयात हुआ। विजेता टीमों व बेस्ट खिलाड़ियों को मोमेंटो व कप प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में वडेर के अध्यक्ष मांगीलाल काग ने कहा कि युवाओं की खेल प्रतिभा को निखारने एंव आगे बढ़ने को एक उचित मंच प्रदान करने के उद्धेश्य से सीरवी समाज के उत्साही युवकों के लिए ये आयोजन प्रति वर्ष किया जा रहा है। उन्होंने कहा की एक ऐसा मंच यहां न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है अपितु सम्पूर्ण आयोजन के दौरान समाज को एक सूत्र में बधने का मौका भी मिलता है । वडेर के सचिव नारायणलाल बर्फा ने सभी खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया।इस मौके पर सोहनलाल, रमेश, गौतम, गोविंद, सुरेश, सोहन, धनराज समेत क्लब के सभी सदस्य उपस्थित रहे

# समाज में दबे कुचले शोषित वर्गों के लोगों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य: डॉ गोविन्द सिंह



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

लहार । सेन-श्रीवास समाज एकता मंच विधानसभा क्षेत्र लहार द्वारा मंगलम गार्डन में सामाजिक सम्मेलन आयोजित कराया गया। सम्मेलन में प्रतिपक्ष नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, इस अवसर पर डॉ गोविंद सिंह ने कहा समाज में दबे कुचले शोषित वर्गों के लोगों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य हैं, हम लोगों को सिखाया जाता था हमारा जीवन एक व्यक्ति एक परिवार के लिए नहीं हैं राजनीतिक धंधा व्यापार नहीं हैं जिन लोगों के साथ अन्याय अत्याचार हो रहा है उनके हको की लड़ाई लड़ने के लिए हम राजनीत में हैं सम्मेलन में डॉ गोविंद सिंह का स्वागत लहार नगर पालिका के पार्षद अभिजीत सिंह यागिक, रघुवीर श्रीवास वरिष्ठ समाजसेवी,रामरतन श्रीवास वरिष्ठ समाजसेवी,पूरन श्रीवास, विनय श्रीवास ,सुरेश सविता, सिया बाबू, बल्लू सेन, रणवीर सविता,छोटे राजा,बंटी आम्हा द्वारा किया गया । सम्मेलन में मंचासीन कार्यक्रम के अध्यक्ष रामरतन सेक्रेटरी,रघुवीर श्रीवास,शंभू दयाल, विश्वनाथ श्रीवास, सुरेश श्रीवास,धर्मेंद्र श्रीवास, ओमप्रकाश श्रीवास,राजेंद्र श्रीवास, प्रमोद मास्टर, चंदालाल सविता, गुरु दयाल सविता, डॉक्टर सुरेश सविता, मुन्नालाल सविता आदि रहे

## भा.वि.प. शाखा भिंड द्वारा निःशुल्क हृदय रोग परामर्श एवं निदान शिविर सम्पन्न



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारत विकास परिषद शाखा भिंड द्वारा द हार्ड केयर सेंटर ग्वालियर के सहयोग से निश्शुल्क हृदय रोग परामर्श एवं निदान शिविर का आयोजन प्रातः 10 से दोपहर 01 बजे तक बी.एल. मेडिकल स्टोर, बद्रीप्रसाद बगिया के पास, मॉडल स्कूल के बगल से, हाउसिंग कॉलोनी भिंड में आयोजन किया गया। डॉ आशीष चौहान जी द्वारा शिविर में 84 रोगियों का परीक्षण करते हुए उनको उपचार परामर्श के साथ निःशुल्क ईसीजी आदि परीक्षण किये गया। शिविर की अध्यक्षता परिषद संरक्षक डॉ विनोद सक्सेना जी ने की इस अवसर पर डॉ आशीष चौहान, डॉ राधेश्याम शर्मा, डॉ डी के शर्मा, डॉ हिमांशु बंसल, आलोक देपुरिया, कमलेश सैंथिया मंचासीन रहे। सर्वप्रथम सभी अतिथियों द्वारा भारतमाता के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए संयोजक स्वाथ्य प्रकल्प डॉ डीके शर्मा द्वारा सभी अतिथियों एवं शिविर में पधारे महानुभावों का स्वागत,वंदन, अभिनंदन किया गया.। मंचासीन अतिथियों द्वारा रोगियों को हार्ट से संबंधित समस्यों पर जानकारी देते हुए जागरूक किया। साथ ही स्वास्थ्य सम्बधी सलाह के साथ हृदय रोग बचाव संबंधी जानकारी दी गई। प्रांतीय संयोजक कमलेश सैंथिया ने परिषद द्वारा चल रहे कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रांतीय सह संयोजक राजमणी शर्मा,सचिव जय प्रकाश शर्मा, अनिल शर्मा जी एडवोकेट , डॉ मनोज जैन, सुरेश बरुआ , जे एन पाठक, राधामोहन चौबे, मनोज सैंथिया , अश्वनी दंडोतिया, गिरिजेश बुधौलिया, अजय चौधरी, मोहित दीक्षित ,जयदीप सिंह फौजी, विनोद दूरबार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम धर्मवीर भदौरिया द्वारा किया गया।

# पौधरोपण महा अभियान के तहत 100 पौधों का रोपण



बैतूल। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा अंकुर अभियान अंतर्गत पौधरोपण महाअभियान के तहत कलेक्टर श्री अमनबीर सिंह बैंस के निर्देशन में एवं सीईओ जिला पंचायत श्री अक्षत जैन के मार्गदर्शन में प्रभातपटट्न ब्लॉक के प्रस्फुटन ग्राम बिरोली झिलपा में प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष श्री नंदकिशोर बरखाड़े के खेत में आम, सागौन, कटहल के 100 पौधे रोपे गए। इस दौरान सभी पौधों को वायुदूत ऐप पर अपलोड भी किया गया।इस अवसर पर प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष, मेंटर पवन रायपूरे, नितेश सोलंकी, बबलू बारंगे, वीरेंद्र सूर्यवंशी, माधोराव कापसे, नवांकुर संस्था से विजय बारस्कर, कमलेश आधवरे, दुर्गेश बुआडे, गोकुल रोड़ले एवं विकासखंड समन्वयक राधा बरोदे व समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# पंच-ज अभियान अंतर्गत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह परिसर में किया पौधारोपण

बैतूल। शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह में पंच-ज अभियान अंतर्गत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्राणेश कुमार प्राण एवं जिला न्यायालय के न्यायाधीश गणों द्वारा शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह एवं किशोर न्याय बोर्ड परिसर में पौधारोपण तथा गृह का निरीक्षण किया गया।इस दौरान प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री आदेश कुमार मालवी, जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती दीपिका



मालवीय, जिला रजिस्ट्रार जिला एवं सत्र न्यायालय श्री कलम सिंह मेड़ा, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड श्रीमती पूजा सिंह मौर्य, प्रशिक्षु न्यायाधीश जिला एवं सत्र न्यायालय सुश्री आयुषी जैन, अध्यक्ष/सदस्यगण बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय, जिला विधिक सेवा सहायता अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, अधीक्षक संप्रेक्षण गृह एवं अधिनस्थ अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भ्रष्टाचार का खात्मा ही देश की उन्नति - शिवानी जैन एडवोकेट



ऑल ह्यूमंस सेव एंड फॉरेंसिक फाउंडेशन डिस्टिक वूमेन चीफ शिवानी जैन एडवोकेट ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति के चलते जिले में विगत 1 वर्ष से भ्रष्टाचार निवारण थाना संचालित है। छेरत पुलिस लाइन में स्थापित एंट्री करप्शन थाने का कार्य क्षेत्र अलीगढ़ मंडल के अंतर्गत चारों जिले अलीगढ़, हाथरस,एटा ,कासगंज, हैं।एंटी करप्शन थाने प्रभारी निरीक्षक भ्रष्टाचार इकाई देवेंद्र सिंह ने बताया कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त कराए जाने के संबंध में यदि कोई सरकारी या गैर सरकारी अधिकारी, कर्मचारी सुविधा शुल्क की मांग करता है तो आप किसी भी प्रकार की धनराशि ना दें। दूरभाष नंबर9454402485 एवं पर शिकायत दर्ज कराएं। शिकायतकर्ता का नाम व पता गोपनीय रखा जाता है।सार्क फाउंडेशन की तहसील प्रभारी डॉ अंजू लता जी, शालू सिंह एडवोकेट, सुनीता जैन, थिंक मानवाधिकार संगठन एडवाइजरी बोर्ड मेंबर डॉ कंचन जैन, मां सरस्वती शिक्षा समिति के प्रबंधक डॉ एच सी विपिन कुमार जैन, संरक्षक राकेश दक्ष एडवोकेट, ज्ञानेंद्र चौधरी एडवोकेट, आलोक मित्तल एडवोकेट, निर्देशक डॉ नरेंद्र चौधरी, डॉ राजेंद्र कुमार जैन, प्रशांत जैन आदि ने भ्रष्टाचार निवारण एंटी करप्शन थाने की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह एक बहुत ही सराहनीय कदम है। उन्होंने जन-जन से आह्वान किया कि सरकारी योजनाओं के लाभ प्राप्त करने हेतु किसी को भी सुविधा शुल्क न दें। तुरंत शिकायत दर्ज करें।देश को भ्रष्टाचार से मुक्त करने का हर संभव प्रयास हर देशवासी को करना चाहिए।समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार देश की उन्नति में सबसे बड़ा बड़ा बाधक तत्व है।

## स्वतंत्रता दिवस विशेष

# भारतीय संस्कृति बहुत ऊँची है यही एक दिन संसार का मार्गदर्शन कर सकती है : श्री माताजी

सहजयोग संस्थापिका श्री माताजी निर्मला देवी जी ने भारतीय संस्कृति के महत्व के बारे में कहा है कि भारतीय संस्कृति बहुत ऊँची है यही एक दिन संसार का मार्गदर्शन कर सकती है।÷ श्री माताजी ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भी श्री महात्मा गांधी के साथ सक्रिय भूमिका निभाते हुए देश की स्वतंत्रता में अपना योगदान दिया। भारत व भारतीय संस्कृति सदैव ही श्री माताजी के जीवन का अभिन्न अंग रहे हैं। भारत के संदर्भ में श्री माताजी के विचार थे कि,÷अपना देश शांति प्रिय देश है। इस देश ने किसी भी देश पे अगाड़ी नहीं करी, किसी देश को लूटा नहीं, किसी भी देश की जमीन अपने हाथ नहीं ली। ये शांति कहां से आई? ...ये इस धरती की विशेषता है जिस



धरती पर आप बैठे हैं उसी धरती की विशेषता है कि हम लोग शांति प्रिय लोग हैं, ये नियंत्रण हमारे ऊपर अपने आप आया हुआ है, स्वयं आया है तो अंदर की शांति प्रस्थापित होती है।÷(प. पू. श्रीमाताजी, 18-12-98, दिल्ली)श्री माताजी ने वास्तविक स्वतंत्रता का वर्णन करते हुए कहा है कि, स्वतंत्र में,- स्व-का अर्थ है-स्वयं का, तथा तंत्र- अर्थात मशीनरी। इसलिए इन शब्दों का अर्थ हमेशा स्वयं से प्रेरित होना चाहिए जब भी हम %स्वतंत्रता% की बात करते हैं तो यह अवश्य समझना चाहिए कि यह स्वयं का तंत्र है। अतः स्वतंत्रता से संबंधित इस गहरे अर्थ को समझने के लिए व्यक्ति को सबसे पहले अपने आप को जानना चाहिए। स्वराज की अवधारणा की व्याख्या करते हुए, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमें भारत भूमि पर अपने आंतरिक स्वामित्व को समझना चाहिए और इसका विशेषाधिकार प्राप्त नागरिक होने पर गर्व करना चाहिए।कुंडलिनी जागरण द्वारा स्थापित सहजयोग ने संपूर्ण विश्व को भारत की सांस्कृतिक व आध्यात्मिक विरासत के गूढ़ रहस्यों का परिचय दिया है तथा स्वतंत्रता के वास्तविक अर्थ से परिचित कराया है। स्व के तंत्र को समझने के लिए सहजयोग में आपका स्वागत है। आप अपने आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं

# निर्वाचन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित



**बैतूल।** कलेक्टर श्री अमनबीर सिंह बैंस ने सोमवार को विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों को लेकर नोडल अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने आगामी विधानसभा निर्वाचन की भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समस्त तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अक्षत जैन, अपर कलेक्टर श्री जयप्रकाश सैयाम, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मकसूद अहमद सहित निर्वाचन से जुड़े नोडल अधिकारी मौजूद थे।बैठक में कलेक्टर ने मानव संसाधन, स्वीप, कानून व्यवस्था, वल्नेरेबिलिटी मेपिंग, आदर्श आचरण संहिता का क्रियान्वयन, शिकायत निवारण एवं मतदाता सहायता, मतदाता सूची प्रबंधन, डाक मत पत्र प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, ईवीएम व्यवस्था, आईटी प्रबंधन, प्रशिक्षण, मीडिया प्रबंधन, कम्यूनिकेशन प्लान, व्यय लेखा निगरानी एवं निर्वाचन सामग्री प्रबंधन की तैयारी की समीक्षा की गई।

# हर घर तिरंगा को लेकर निकली पुलिस प्रशासन टीम को मिली हजार लीटर अवैध कच्ची जहरीली शराब

ड्राई डे से पहले पुलिस प्रशासन की बड़ी कार्यवाहीग्वालियर कलेक्टर अक्षय सिंह व पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन में पुलिस प्रशासन की टीम ने मोहना थानांतर्गत बरसाना मोहल्ला में दबिश दी जहाँ पुलिस एसडीओपी घाटीगाँव संतोष पटेल व एसडीएम डीडी शर्मा ने तिरंगा का प्रचार प्रसार किया और बच्चों से बात की। बच्चों ने परिजनों की सच्चाई पुलिस को बताईपुलिस व प्रशासन की टीम मोहल्ले में बच्चों से प्रेम पूर्वक बात की तो जानकारी निकल कर आई कि बच्चों के माता पिता पुलिस को देखकर भाग गए हैं क्योंकि वो गंदा काम करते हैं शराब बनाकर बेचते हैं। पुलिस ने पे? में लटके झूले से बच्चों को झुलाया तो बच्चों ने कैसे शराब बनाते हैं और क्यों बनाते हैं व किस तरह छिपाकर बेचते हैं पूरा सच सच बता दिया। पुलिस टीम ने खेत की मे?ों पर सब्बल से खुदाई की तो शराब से भरी ड्रम निकली जिनकी संख्या अधिक होने के कारण जेसीबी मशीन बुलवाई गयी। जेसीबी मशीन से



खुदाई के बाद 960 लीटर अवैध शराब धान के खेत की मेड से निकाली खाली जिसमें से साथ लीटर शराब की दो केन छोड़कर भागने वाली तीन कंजर महिलाओं के ख़िलाफ़ आबकारी अधिनियम का अपराध थाना मोहना में पंजीबद्ध किया गया। घटना स्थल से शराब से भरे पाँच ड्रम व पच्चीस ख़ाली ड्रम, ज़मीन से शराब निकालने का नल जप्त किया तथा हज़ारों लीटर लाहन नष्ट किया गया। जिसकी कीमत कुल 2 लाख रुपये होगी। कार्यवाही में अनुभाग व पुलिस लाइन से बल उपस्थित रहा सम्पूर्ण कार्यवाही एसपी व कलेक्टर के निर्देशन में हुई जिसमें एसडीएम डीडी शर्मा, एसडीओपी घाटीगाँव संतोष पटेल ने मौके में उपस्थित रहकर कार्यवाही करवाई। थाना प्रभारी मोहना अजयपाल यादव, नायाब तहसीलदार बेरेलिया, घाटीगाँव शैलेन्द्र घुरैया के अलावा अरोन से उपनिरीक्षक पदम् भील पुलिस स्टॉफ, वन विभाग का स्टाफ सहित कुल 50 कर्मचारियों ने हर घर तिरंगा अभियान के प्रचार प्रसार के साथ ही ड्राई डे पर बिकने वाली जहरीली शराब को जप्त किया और तीन कंजर महिलाओं पर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत उपनिरीक्षक अजयपाल यादव ने मुकदमा दर्ज किया।



# कुशवाह समाज द्वारा पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य का खुलकर किया गया

गोहद विधानसभा के ग्राम रूपावई में बरवाह हनुमान जी मंदिर पर महा मानव महात्मा ज्योतिबा राव फुले पार्क न बनाएं जानें संबंध में कुशवाह समाज ने विधान सभा चुनाव से पहले पार्क नहीं बनाया गया तो फिर सामाजिक लोगों ने विधान सभा चुनाव में लाल सिंह आर्य जी को वोट न देने की सफथ ली। और कहा की झूठे वादे और भूमि पूजन करके अभी तक महात्मा ज्योतिबा राव फुले पार्क नहीं बनाया गया लाल सिंह आर्य को कई बार अवगत कराया मगर अभी तक कुशवाहा समाज की बात का कोई निराकरण नहीं निकला विधानसभा चुनाव में लाल सिंह आर्य को अगर विधानसभा का टिकट मिलता है तो कुशवाहा समाज खुलकर विरोध



करेगी एवं कुशवाहा समाज के द्वारा वोट भी नहीं दिया जाएगा कुशवाहा समाज द्वारा यह शपथ ली गईजय महात्मा ज्योतिबा राव फुले जय माता सावित्री बाई फुले।

# 17 वी वाहिनी बटालियन में तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई



**भिण्ड ।** 17 वी वाहिनी एसएफए बटालियन स्थित परेड ग्राउंड में 77 वें स्वतंत्रता दिवस की तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया गया। 17वी वाहिनी के कमांडेंट आशुतोष बागरी आई.पी.एस. के निर्देशन में डीएसपी प्रेम नारायण सराहिया के मार्गदर्शन में जिला भिंड में 17वी वाहिनी में तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई । राष्ट्रगान की धुन बजाई गई और अतिथियों द्वारा परेड में विशेष सशस्त्र बल 17 वीं वाहिनी एसएएफ बटालियन जिला सशस्त्र पुलिस बल, शामिल रहे। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की रिहर्सल कराई गई। आजादी के महोत्सव के उपलक्ष्य में स्कूली बच्चों को शस्त्र को दिखाये गए। रैली उपरांत बच्चों को स्वल्पाहार वितरण किया गया।तिरंगा यात्रा रैली में 17 वी वाहिनी के क्वार्टर मास्टर मेवालाल दोहरे, हेडक्वार्टर प्रभारी हितेंद्र सिंह जादौन, सूबेदार मेजर सौरभ सिंह भदौरिया, सब इंस्पेक्टर बाबू लाल पटेल, एसआई राजेश्वर सिंह,प्रधान आरक्षक ब्रजेश सिंह चौहान सहित अधिकारी एवं कर्मचारियों व स्कूलो बच्चों ने ब?च? कर भाग लिया ।

# हर घर तिरंगा अभियान में भारत भारती विद्यालय के छात्रों ने निकाली रैली



**बैतूल।** स्वाधीनता के अमृत महोत्सव के अवसर पर देश भर में चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भारत भारती आवासीय विद्यालय के छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाकर अभियान की आकृति बनाई तथा ग्राम जामठी के मुख्य मार्गों पर तिरंगा रैली निकाली।विद्यार्थियों ने हर घर तिरंगा की आकृति बनाकर बैंड की धुन पर हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के गीतों को गाते हुए रैली निकाली। स्वाधीनता के अमृत काल में देश के प्रधानमंत्री के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 13 से 15 अगस्त तक हर घर में तिरंगा लगाया जाएगा। इसी हेतु विद्यालय द्वारा आमजन को जागरूक करने के लिए विद्यालय द्वारा अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में भारत भारती के सचिव श्री मोहन नागर, प्राचार्य श्री जितेन्द्र परसाई व विद्यालय परिवार ने सहभागिता की।

# मेरी माटी मेरा देश के तहत तिरंगा यात्रा

**भिण्ड ।** मेरी माटी मेरा देश के तहत खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव एवं पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के मार्गदर्शन में राजीव गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स भिंड में तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई। मुख्य अतिथि के रुप में भिण्ड विधायक प्रतिनिधि सुनील वाल्मीकि उपस्थित रहे उनके द्वारा मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत पंच प्रण की शपथ सभी खिलाड़ी और आर्मी की तैयारी कर रहे नौजवानों के बीच शपथ ग्रहण करवाई एवं उसके पश्चात तिरंगा रैली का आयोजन किया गया इस मौके पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के रामबाबू कुशवाह एवं आनंद विभाग के जिला समन्वयक संजय पंकज, प्रमोद गुप्ता,तोमर फिजिकल अकादमी संचालक शिवम तोमर और अन्य खिलाडी उपस्थित रहे अंत में कार्यक्रम उपरांत तिरंगा यात्रा के प्रभारी बादशाह सिंह गुर्जर के द्वारा अतिथि एवं उपस्थित सभी गणमान्य नागरिक गण एवं खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया गया।

## गोवा अर्थ संकल्प जैसे सरकार आपके घर अभियान भी यशस्वी होगा - दामोदर नाईक

# मेरा देश, मेरी माटी अभियान से भारत का विकास करेंगे - नरेंद्र सावईकर

पणजी गोवा (करण समर्थ ~ आयएनएन भारत मुंबई) गोवा के मुख्यमंत्री डॉ प्रमोद सावंत ने इस अधिवेशन मे राज्य को विकासात्मक अर्थ संकल्प सादर किया है, इसलिए हम उनको बधाई देते है । सरकार आपके घर अभियान व्दारा हम हर एक के घर तक पहुंचेगे और उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास करेंगे। इस अभियान के माध्यम से हम समस्याओं को दूर करने कार्यरत हैं, ऐसा गोवा भाजपा प्रवक्ता दामोदर नाईक ने बताया।वह पणजी स्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में आयोजित पत्रकार परिषद को संबोधित कर रहे थे। उनके साथ गोवा के लोकसभा सांसद नरेंद्र सावईकर तथा माजी विधायक सिध्दार्थ कुंकळ्कर उपस्थित थे।दामोदर नाईक ने आगे बताया कि, गोवा में अगले महीने आयोजित हो रहे राष्ट्रीय खेल के लिए प्राप्त दो सौ करोड से सफल आयोजन के लिए गोवा राज्य में कई सारी सुविधाओं को विकसित करने पर खर्च किया जा रहा है। गोवा की भाजपा सरकार ने राज्य के युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए योजना अंतर्गत भावी खिलाड़ीयों के विकास, अग्नी वीर, फायर फाइटर्स को आवश्यक प्रशिक्षण देकर तैयार करने का काम शुरू किया गया है।राज्य में बनाएं गए नए मोपा एअरपोर्ट का अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं से विकसित करने हेतु, राज्य में कार्यरत विभिन्न सामाजिक सोसायटीयों को मार्गदर्शन और सहाय करना तथा राज्य की ऐतिहासिक धरोहर वास्तूओं को जतन करना भी हमारी जिम्मेदारी है, इसलिए मुख्यमंत्री डॉ प्रमोद सावंत सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर प्रभावी योजनाएं को संचालित कर रहे है, यह जानकारी सांसद नरेंद्र सावईकर ने दी।अपने वक्तव्य में नरेंद्र सावईकर ने आगे कहा कि, इस अर्थ अधिवेशन में संपूर्ण राज्य को विकास में सहभागी करने का काम भाजपा सरकार ने किया हैं । सभी विभागों के लिए आजतक के पहले से अधिक बजट दिया है और हमारी सरकार गोवा के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।?साथ ही माननीय प्रधानमंत्री व्दारा किए गए आव्हान पर पूरे देश में 13-15 अगस्त में हर घर तिरंगा अभियान हम गोवा में भी सफलता से चलाएंगे। इस





अवसर पर गोवा राज्य में सभी नागरिकों ने अपने घर घर तिरंगा फहराने आवाह्न गोवा के सांसद नरेंद्र सावईकर ने किया।स्वतंत्रता के नाम से किए गए बंटवारे पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन समारोह मुख्यमंत्री डॉ प्रमोद सावंत, सांसद नरेंद्र सावईकर तथा सदानंद तानावडे और मंत्री सुभाष फळ्देसाई करेंगे। उस समय भारत के गलत बंटवारे और उस में अपनी जान गवाने वालों कि याद में पणजी के और मडगांव के रुईया पार्क से दो मुक मोर्चा का आयोजन किया गया है। इस पूरे मोर्चा में किसी भी तरह की घोषणा वगैरह नहीं दी जाएगी, यह संपूर्णता साइलेंट अभियान होगा, ऐसा गोवा भाजपा प्रवक्ता दामोदर नाईक ने बताया।हम देश को हर एक अवसर से विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं, इस अंतर्गत देशवासियों को फिर से अपनी मिट्टी से जोड़कर विकास के नए अवसर निर्माण करने हेतु प्रधानमंत्री व्दारा किया गया मेरा देश, मेरी माटी अभियान को हम सभी गोवा के नागरिक इसमें सहभागी होकर सफल बनाएं। हम सब मिलकर मेरा देश, मेरी माटी अभियान से भारत का विकास करेंगे, ऐसा आव्हान भी गोवा के सांसद नरेंद्र सावईकर ने किया।आगे दामोदर नाईक ने गोवा के भूमिपुत्र विधेयक पर प्रश्नोत्तर में कहां, इस अधिवेशन में पहले सरकार द्वारा जो भूमिपुत्र विधेयक सादर किया गया था, उस विधेयक को वापस लेने पर विचार विमर्श करने के बाद सरकार को महसूस हुआ कि उस बिल को ऐंसे ही लागू करने से पहले जनभावनाओं को जांच लें और साथ ही में इस में और भी कोई सुधार हो सकता है क्या ? इस पर और विचार करने हेतू हमने उसे पिछे लिया है और इसमें आवश्यक सुधार किया जाएगा। इस वर्ष के अधिवेशन में विरोधी पार्टी का प्रदर्शन कैसा हुआ इसपर अगर विरोधी पार्टी अपनी सवालों पर ढंग से अभ्यास करके विधानसभा में आते हैं, तो ही ठिक है, वरना केवल अधिवेशन में हंगामा करना ही उद्देश्य है, तो हम इसे परफॉर्मेंस कैसे कहेंगे, ऐसा दामोदर नाईक ने कहां ।गोवा में कार्यरत वर्तमान आयआयटी के विकास पर काम जारी है और बहुत ही जल्दी आयआयटी का अपना प्रांगण होगा इसके लिए हमारी सरकार उनको आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहे है, ऐंसी जानकारी दामोदर नाईक ने दी । **(करण समर्थ~ आयएनएन भारत मुंबई)**

# नवगठित मऊगंज जिले के लिए की जाएंगी सभी व्यवस्थाएँ - कमिश्नर

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा**

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर अनिल सुचारी ने नवगठित मऊगंज जिले में की जा रही व्यवस्थाओं की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि नवगठित जिले में सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएंगी। अधोसंरचना विकास के लिए कलेक्टर तत्काल प्रस्ताव बनाकर भेजें। नए जिले के गठन की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया जाएगा। मऊगंज को शासन द्वारा नवीन जिला घोषित कर दिया गया है। वहाँ विभिन्न विभागों की गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी। कलेक्टर रीवा ने कलेक्टर कार्यालय के लिए आवश्यक फर्नीचर तथा कर्मचारियों की व्यवस्था की है। कलेक्टर मऊगंज की आवश्यकताओं



के अनुसार अधिकारी, कर्मचारी तथा अन्य संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। दोनों कलेक्टर मिलकर मऊगंज में टीएल बैठक की तिथि तय कर लें जिसमें जिला स्तर के सभी अधिकारी उपस्थित रहें। यह बैठक हर सप्ताह मऊगंज में आयोजित करें। कलेक्टर मऊगंज मतदाता सूची के संशोधन तथा परिवर्धन में विशेष ध्यान दें। जिले की तीनों तहसीलों में मतदाता सूची में महिला मतदाताओं अनुपात कम है। इसे बड़ाने के लिए लगातार प्रयास करें। कमिश्नर ने कहा कि राजस्व न्यायालय का विभाजन होने के बाद मऊगंज जिले की तीन तहसीलों के सभी प्रकरण रीवा से मऊगंज के लिए स्थानांतरित कराएँ। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मऊगंज में विभिन्न विकास योजनाओं के जिला स्तरीय नोडल अधिकारी तैनात कर दें। तीन विकासखण्डों की विकास परियोजनाओं की पृथक से जानकारी कलेक्टर मऊगंज को उपलब्ध कराएँ। कलेक्टर मऊगंज जिले के लिए आवश्यक संसाधनों तथा बजट का प्रस्ताव तत्काल शासन स्तर को प्रेषित करें। बैठक में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि मऊगंज कलेक्ट्रेट के लिए 11 कर्मचारी दिए जा रहे हैं। मऊगंज के लिए कम्प्यूटर, स्टेशनरी तथा फर्नीचर की भी व्यवस्था की जा रही है। रीवा जिले के लिए सभी जिला स्तरीय अधिकारी कम से कम एक दिन मऊगंज जिले का भ्रमण अवश्य करेंगे। नवगठित जिले में सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने में रीवा पूरा सहयोग करेगा। बैठक में कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने बताया कि महाविद्यालय भवन में कलेक्ट्रेट कार्यालय के लिए अस्थायी तौर पर व्यवस्थाएँ की जा रही हैं। भवन में उपलब्ध बड़े हाल के पार्टीशन के लिए लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया है। नवगठित जिले के लिए जिला कोषालय, जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस तथा अन्य पदों की माँग की गई है। राजस्व विभाग से भी अधोसंरचना विकास के लिए राशि की माँग की गई है। नवगठित जिले में सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जा रही हैं। बैठक में जिला पंचायत रीवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, एसडीएम मऊगंज बीके पाण्डेय भी उपस्थित रहे।

## मतदाता जागरूकता के शुभंकर मोहन का किया गया अनावरण




**रीवा।** जिले भर में हर घर तिरंगा अभियान के साथ-साथ विधानसभा निर्वाचन के संबंध में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के लिए रीवा के शुभंकर ÷मोहन÷ का अनावरण किया गया। मतदाता जागरूकता अभियान के नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीवा डॉ. श्री. सौरभ सोनवणे ने शुभंकर का अनावरण किया। इस अवसर एवं सहायक कलेक्टर रीवा सुश्री सोनाली देव की उपस्थिति रहीं। नोडल अधिकारी डॉ. सोनवणे ने सभी उपस्थित जनों को निर्वाचन शपथ दिलायी। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी हुजूर श्री अनुराग तिवारी व तहसीलदार हुजूर श्री शिवशंकर शुक्ला विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## निगाही स्टेडियम में पतंजलि योग समिति , भारत स्वाभिमान बैनर तले योग कक्षाएं संचालित

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

**सिंगरौली ।** पतंजलि योग समिति एवम भारत स्वाभिमान शाखा निगाही में महिला मंडल की टीम द्वारा प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 8.30 बजे तक योग , प्राणायाम की कक्षाएं निगाही स्टेडियम में संचालित किया जाता है तथा निगाही छेत्र की महिलाओं की टीम इस योग कक्षा में सम्मिलित होती है वही बता दे कि योग , प्राणायाम लोगो को अपने दैनिक दिनचर्या जीवन में उतारने की आवश्कता है तथा अपने शरीर को स्वस्थ रखने , फिट रखने , रोगमुक्त रखने के लिए योग , प्राणायाम अत्यंत आवश्यक है लोगो को अपने व्यस्तम जीवन में समय निकालकर योग , प्राणायाम जरूर करना चाहिए। इस दौरान योग शिक्षिका पुष्पलता सिंह ने कहा कि जीवन में लोगो को



अपने शरीर को स्वस्थ जीवन , हमेशा फिट रहने के लिए समय



निकालकर योग , प्राणायाम करना चाहिए तथा किसी भी प्रकार की लोगो को बीमारियां उत्पन्न न हो इस हेतु लोगो को सबसे पहले अलर्ट होकर योग , प्राणायाम को प्राथमिकता देने की आवश्कता है । वही योग , प्राणायाम की कक्षा में अभ्यास करने पहुंची श्रीमती उर्मिला पटेल ने कहा कि खासकर महिलाओ को जो घरों में कार्यों के पश्चात समय निकालकर योग कक्षाओं में पहुंचने का प्रयास करे और इस कक्षाओं के माध्यम से अपने शरीर को फिट रखे तथा योग का जीवन में किस प्रकार में लाभकारी है इस पर महत्वपूर्ण जानकारी योग की कक्षाओं में उपस्थित महिलाओ को बताई और आगे श्रीमती उर्मिला पटेल ने कहा कि योग करने से मन , मस्तिष्क सहित चेहरे में चमक , एकाग्रता , सकारात्मक विचार की ऊर्जा मिलती है अतः सभी महिलाओं को योग , प्राणायाम जीवन के लिए बहुत ही जरूरी है । वही योग शिक्षिका सहित महिला मंडल की टीम ने निगाही छेत्र की महिलाओं को इस निगाही स्टेडियम में प्रतिदिन सुबह 7 बजे अधिक से अधिक की संख्या में पहुंचने अपील की है । इस मौके पर योग कक्षा को संचालित करने वाली शिक्षिका पुष्पलता सिंह , श्रीमती उर्मिला पटेल , सुधा कनोजिया , सीमा चौरसिया , रेनु सिंह , रानू प्रधान , किरण यादव , रेनू शाह , बेलमती इत्यादि काफी संख्या में महिलाओं की टीम उपस्थित रही ।

## रीवा केन्द्रीय जेल में आजादी का अमृत महोत्सव का हुआ आयोजन



**दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा**

रीवा। केन्द्रीय जेल रीवा में आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया । इस दौरान बंदियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों दी गई। बंदी जागवली साकेत एवं बंदी मनोज दाहिया, मिठाई लाल यादव, छक्के लाल महरा, द्वारा संयुक्त रूप से देश भक्ति से संबंधित गीत की प्रस्तुति दी गई। मनोज दाहिया द्वारा भजन, बंदी राजू सिंह गहरवार द्वारा गीत एवं भजन प्रस्तुत किए गए। जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि केन्द्रीय जेल में संगीत की शिक्षा प्राप्त कर रहें 18 बंदियों ने संगीत की विभिन्न परीक्षाएँ उत्तीर्ण की। प्रथम वर्ष से पंचम वर्ष तक की उपाधि अर्जित करने वालों को अंकसूची एवं उपाधि पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय, उप जेल अधीक्षक संजीव कुमार गेंदले,सहायक जेल अधीक्षक श्याम सिंह कुशवाह, संगीत शिक्षक राजेश शुक्ला, शिक्षक राजीव तिवारी, शिक्षक स्वदीप सिंह, उपेन्द्र कुमार द्विवेदी, प्रिंयका धाकड़, रिंकू शाह एवं प्रहरीगण उपस्थित रहे ।

## ग्राम पंचायत सेमरा की महिला उपसरपंच से दबंगो ने की गाली गलौच,बीच बचाव करने गए पति के साथ की गई मारपीट




**दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा**

**महिला उपसरपंच पति के साथ बैकुंठपुर थाना पहुंचकर दर्ज कराई घटना कि शिकायत,***

**ग्राम पंचायत कार्यालय मे ग्राम सभा के दौरान हुई घटना,***

**रीवा । बैकुंठपुर क्षेत्र से बड़ी खबर*** बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरा का मामला, जहाँ आज सेमरा ग्राम पंचायत भवन मे ग्राम सभा कि बैठक आहुत कि गई, जिस बैठक मे ग्राम पंचायत सेमरा के सरपंच, सचिव सहित महिला उपसरपंच वंदना मिश्रा भी उपस्थित रही,ग्राम सभा कि बैठक के दौरान ही गांव के ही एक दबंग व्यक्ति जो सभा मे बातचीत करते करते महिला उपसरपंच से अभद्रता करने लगे, और मामला गाली गलौच धमकी के साथ मारपीट तक पहुँच गया,जिस समय दबंग व्यक्ति द्वारा महिला उपसरपंच से बतमीजी कि जा रही थी, उसी समय बीच बचाव करने पहुंचे महिला उपसरपंच के पति राजकुमार मिश्रा के साथ ही दबंग व्यक्ति ने हाथापाई कि, जिस घटना मे उपसरपंच पति के मुंह मे चौंट आई है

## मऊगज नगर में धूमधाम से निकली तिरंगा यात्रा

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा**

**मऊगंज।** धूमधाम से शहर में निकाली गई तिरंगा यात्रा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने निकले 650 फीट लंबी तिरंगा यात्रा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आज शहर में तिरंगा यात्रा निकाली गई इस दौरान मऊगंज के विधायक प्रदीप पटेल ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ज्ञान शील एकता के दर्शन पर कार्य करने वाला विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है एवं बड़ी संख्या में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे तिरंगा यात्रा शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय से होते हुए बस स्टैंड इसके बाद चक मोड में समापन हुआ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रीवा जिला के जिला संयोजक कमलनयन तिवारी ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद देश की युवा छात्र शक्ति का प्रतिनिधि संगठन है इसकी स्थापना 9 जुलाई 1949 को हुई तब से अब तक परिषद निरंतर ऊर्जा संपन्न




युवाओं को संगठित करने का कार्य किया है आज या विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लिए छात्रों में राष्ट्रवादी चिंतन को जगाना है अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का मूल उद्देश्य है विद्यार्थी परिषद छात्राओं में सकारात्मक देशभक्ति को बढ़ावा देने और राष्ट्र प्रेम का भाव जागृत करने के लिए सतत प्रयत्न सील रहता है जिसमें प्रमुख रुप से मऊगंज के विधायक प्रदीप पटेल रीवा जिला के विस्तारक अनुज तिवारी महाविद्यालय मऊगंज के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष महेश चंद राही अध्यक्ष सुलेंद्र गुप्ता प्रकाश चौरसिया हर्षित कोठीवाल अर्जुन पटेल उमेश पटेल प्रकाश पटेल सुंदर मिश्रा रमा गुप्ता सचिन मिश्रा गौरव पांडे अनुज मिश्रा पवन श्रीवास्तव अभिषेक मिश्रा विकास मिश्रासचिन कुमार मिश्रा गौरव पांडे श्रुति तिवारी पीयूष मिश्रा नगरीस अंसारी साक्षी मिश्रा सुंदरम मिश्रा अलकेश मिश्रा नीरज तिवारी दीपांशु गौतम आकांक्षा मिश्रा नंदिनी ताम्रकार पूजा वर्मा शिवानी उपाध्याय प्रियंका तिवारी प्रियांशु मिश्रा सत्यम गुप्ता शिल्पी दाहिया पवन श्रीवास्तव शुभम पांडे सचिन तिवारी सिवांक मिश्रा प्रकाश मिश्रा एवं सैकड़ो छात्र उपस्थित रहे।

## रेलवे परियोजनाओं के समन्वय के लिए बैठक आज

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

रीवा। कमिश्नर श्री अनिल सुचारी की अध्यक्षता में रेलवे परियोजनाओं में प्राथमिकता के आधार पर कार्य करने एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने 18 अगस्त को अपरान्ह 3.30 बजे से बैठक आयोजित की गयी है। उपरोक्त बैठक कमिश्नर कार्यालय में होगी। कमिश्नर ने बताया कि संभाग स्तर पर समिति का गठन कर अध्यक्ष सदस्य एवं सदस्य सचिव नियुक्त किये गये हैं। उपरोक्त समिति प्रत्येक माह बैठक आयोजित कर रेलवे परियोजनाओं की समीक्षा करेगी।

## थाना देहात पुलिस द्वारा 5 हजार रूपये का ईनामी शातिर बदमाश गिरफ्तार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक,निर्देशन में व नगर पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार उईके के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे अवैध शराब,अवैध हथियार,स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी व ईनामी फरारी आरोपी,गुण्डा बदमाशों पर धरपकड अभियान के तहत कार्यवाही जारी है। इसी तारतम्य में मुखबिर से सूचना पर से अप.क्रं. 143/23 धारा 307, 147, 148, 149 दवि में फरार 5000 रूपये के ईनामी बदमाश को अपराध करने की नियत में खडे होने की सूचना पर से 315 बोर का कटटा व एक जिन्दा राउण्ड सहित जोसना रोड भिण्ड से पकडा गया। उक्त आरोपी ने दिनांक 20/05/28 की रात्रि




11 बजे अपने अन्य करीब एक दर्जन साथियों सहित फरियादी अभिलाख सिंह तोमर नि0 सीतानगर भिण्ड के मकान पर ताबडतोड फायरिंग कर इसकी पत्नि को जान से मारने की नियत से गोली मार दी थी। आरोपी पर पूर्व में थाना भारौली,अमायन,बरासों,देहात थाने पर करीब एक दर्जन अपराध पंजीबद्ध है जो अपने साथियों के साथ मिलकर वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी से जप्त हथियार की खरीद फरोख्त के सम्बन्ध में पूछताछ की जा रही है।उक्त सराहनीय कार्य में निरीक्षक सुधीर सिंह कुशवाह,उपनिरीक्षक अजय यादव,प्रधान आरक्षक सुमित तोमर, गुरूदास, सोनेन्द्र सिंह, राजेश सिंह,आरक्षक सन्दीप राजावत,देवेन्द्र शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

**5000 का ईनामी हत्या आरोपी बदमाश थाना उमरी पुलिस की गिरफ्त में***

## मुखबिर सूचना पर उमरी पुलिस द्वारा ग्राम कचनाब कला से हुई आरोपी की गिरफ्तारी

**महेंद्रशर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मनीष खत्री अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री संजीव पाठक जी, एसडीओपी मुख्यालय पूनम थापा के नेतृत्व में आज दिनांक को थाना उमरी पुलिस द्वारा हत्या के आरोपी को ग्राम कचनाव कला से गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तार शुदा आरोपी तथा उसके साथियों ने दिनांक 17-06-23 को पुरानी पुरानी रंजिश पर से कमल सिंह यादव निवासी रूर की लाठी डंडों से मारपीट कर मरणासन्न कर दिया जिससे ईलाज के दौरान कमल सिंह की मृत्यु हो गई थी जिस पर थाना उमरी में आरोपी गणों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 149/23 धारा 307,365,294,147,148 भादवि का पंजीबद्ध किया जाकर दौराने विवेचना धारा 302 भादवि का ईजाफा किया गया आरोपी घटना दिनाक से फरार था आरोपी की गिरफ्तारी पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 5000 का ईनाम घोषित किया गया था । आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी उमरी निरीक्षक रविंद्र शर्मा , उनि भान सिंह सिसोदिया , आर संतोष, आर राहुल तोमर, आर यशवेंद्र की मुख्य भूमिका रही

## बनखेड़ी ब्लॉक के 15 ग्राम में पहुंची स्नेह यात्रा एक थाल एक व्याख्यान के रूप में जोड़ने का प्रयास है

**बनखेडी-** मध्य प्रदेश संस्कृति ,पर्यटन एवं जनसंपर्क विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जन अभियान परिषद के सहयोग से विकास खंड बनखेड़ी के 15 ग्राम में 16 अगस्त। से सामाजिक समरसता के भाव को जागृत करने हेतु स्नेह यात्रा का शुभारंभ प्रज्ञा मानव कल्याण संस्थान की संस्थापक साध्वी महंत डॉक्टर प्रज्ञा भारती मांगरोल रायसेन द्वारा पूजा अर्चना कर शुरू की गई। पूज्य साध्वी प्रज्ञा भारती जी ने यात्रा के दौरान आशीष वचन देते हुए बताया कि यह प्रेम यात्रा है , आपके ग्राम में छुआछूत को छोड़कर भाईचारा परस्पर व्यवहार करना चाहिए , यदि हम एक दूसरे की बुराई करेंगे तो हमारा देश धीरे-धीरे टूट जाएगा कार्यक्रम में ग्रामों के सभी वर्गों से एक मुट्ठी चावल एक मुट्ठी दाल एकत्रित कर सामने खिचड़ी बनवा कर सभी वर्गों को एक साथ बैठा कर भोजन कियाा गया । जिससे सभी वर्गों मैं विश्वास एवं एकता का भाव जागृत हो कार्यक्रम में तिलक लगाकर रक्षा सूत्र भी बांधे गए एवं प्रसाद वितरण किया गया। साध्वी प्रज्ञा दीदी ने समरसता के भाव हेतु अनेक उदाहरण भी बताएं साध्वी जी ने कहा कि हर परिवार को एक साथ भजन व भजनन करना चाहिए जिससे आपकी शक्ति बढ़ेगी परिवार में प्रेम का भाव बना रहेगा कार्यक्रम के चलते यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। स्नेह यात्रा में आचार्य पंडित किशोर चतुर्वेदी गायत्री परिवार से कैलाश राय एवं शिक्षक राजकुमार पाली साथ चल रहे हैंयात्रा ग्राम बाचावानी से प्रारंभ होकर कलकुही, पांजरा से मैदाखेड़ा होते हुए महुआखेड़ा पहुंची जहां समाजसेवी एमएस गोहिया के निवास पर भोजन उपरांत जोगीवाड़ा पथरकुही, मुर्गीढाना,कामती,खरसली से मछेरा कला में में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# विभिन्न दल के दो दर्जन लोग कांग्रेस में शामिल



दैनिक पुष्पांजली टुडे

लहार । विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह की कार्य शैली और कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर ग्राम राहुली उवारी के धनंजय दिवाकर,शिवकुमार गंगवाल और धीरज अपने दो दर्जन साथियों नाथूराम, पूरन दाऊ, सोनेलाल, धीरज गंगवाल, हरवंश गब्बर विकास दिवाकर ,हाकिम,पुष्पेंद्र, भारत, धीरज,गोलू जाटव,राजेश, आशीष, सूरज,प्रेम सिंह,के साथ भाजपा बसपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए। युवक कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव अनिरुद्ध प्रताप सिंह मौजूद रहे।कांग्रेस में शामिल कराने में मुख्य भूमिका विनोद कनेरिया पार्षद बिरखड़ी महेंद्र सिंह रोहनी की रही।

# सतना जिले के सुहावल ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत नचनौरा के शासकीय प्राथमिक शाला मरवा में पढ़ने वाले बच्चे हो सकते हैं विषैले जीव जंतुओं का शिकार

पुस्पंजली टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

शासकीय प्राथमिक शाला मरवा में बच्चों के बैठने के लिए तीन कमरे बने हैं जिसकी फर्श जर्जर हो गई है विद्यालय के अगल-बगल जंगल लगा हुआ है विद्यालय के अगल-बगल मध्य प्रदेश शासन की जमीन है जिसमें अवैध कब्जा किया हुआ है विद्यालय के चारों तरफ झाड़ियां ही झाड़ियां हैं जिससे विषैला जीव जंतु ऊंझाड़ियों से स्कूल के अंदर प्रवेश कर जाते हैं जिस स्कूल में छोटे-छोटे पढ़ने वाले बच्चे कभी भी विषैला जीव जंतुओं का शिकार हो सकते हैंकई बार ग्राम पंचायत नचनौरा सरपंच ने विद्यालय के अगल-बगल साफ सफाई करवाने की कोशिश की लेकिन अवैध कब्जा धारी साफ सफाई करने से मना कर दिए विद्यालय के अगल-बगल पेड़ों को कटवाने के लिए सरपंच ग्राम पंचायत नचनौरा कोठी तहसीलदार और मझगामा फॉरेस्ट को भी लिखित में सूचना दिया था





# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरूस्कार- 2024 ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2024 के लिए 18 वर्ष तक के बालक-बालिका 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। इसमें चाइल्ड ब्रेवरी अवार्ड तथा चाइल्ड एक्सीलेंस अवार्ड के लिए विभिन्न केटेगरी खेल, सोशल सर्विसेज,साइंस एंड टेक्नॉलॉजी, पर्यावरण,आर्ट एंड कल्चर, नवाचार आदि के लिए आवेदन कर सकते है। इस पुरूस्कार के लिए बालक - बालिका को भारत का मूल निवासी होना आवश्यक है। पुरस्कार के लिए इन केटेगरी में विगत दो वर्षों की उपलब्धियाँ होनी चाहिए। पूर्व मं उक्त पुरूस्कार प्राप्त कर चुके बच्चें, इसके लिये आवेदन नहीं कर सकेंगे।प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरूस्कार 2024 के लिये 25 आवेदकों को पुरूस्कार के लिए चुना जायेगा। पुरूस्कार स्वरूप उन्हें एक लाख रूपये नगद, पदक, प्रमाण-पत्र और प्रशस्ति-पत्र दिया जायेगा।

# मालनपुर में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने बाटी मिठाइयां



पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर
पहलवान सिंह राजावत

मध्य प्रदेश 2023 विधानसभा चुनाव की वीजेपी द्वारा 39 उम्मीदवारों की सूची जारी की गई जिसमें गोहद विधानसभा13 से अनुसूचित जनजाति राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य को टिकट मिलने पर मालनपुर नगर परिषद अध्यक्ष रायश्री मुकेश किरार ने कार्यकर्ताओं में मिठाई बाटकर खुशी जाहिर की और कहा की मालनपुर नगर के सभी भाजपा कार्यकर्ता खुश हैं हर्ष उल्लास का माहौल है लोग एक दूसरे को मिठाई खिला रहे हैं इस मौके पर लगभग आधा दर्जन कार्यकर्ता उपस्थित रहे जबकि गोहद में कवि सम्मेलन का कार्यक्रम में समस्त भाजपा उपस्थित हैं

# जिला खनिज प्रतिष्ठान ''न्यास मण्डल'' की बैठक मेंवार्षिक कार्य योजना 2023-24 पर चर्चा





पुस्पंजली टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

जिला खनिज प्रतिष्ठान ''न्यास मण्डल'' की बैठक गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस मौके पर वार्षिक कार्य योजना 2023-24 के लिए प्रस्तुत प्रस्तावों पर चर्चा की जाकर कार्यों की प्राथमिकता क्रम के प्रस्ताव दो-तीन दिन के भीतर प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। ताकि कार्य योजना को अंतिम रूप दिया जा सके। न्यास मण्डल की बैठक में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्री रामखेलावन पटेल, सांसद श्री गणेश सिंह, विधायक श्री नागेन्द्र सिंह, विक्रम सिंह, सिद्धार्थ कुशवाहा, कल्पना वर्मा, डीएफओ विपिन पटेल सहित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. परीक्षित झाड़े, आयुक्त नगर निगम अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर ऋषि पवार, निर्माण विभागों के विभाग प्रमुख उपस्थित थे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े ने बताया कि जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से कराये जाने वाले कार्यों के जनप्रतिनिधियों के माध्यम से अब तक कुल 24 करोड़ 25 लाख 93 हजार लागत के 512 कार्यों के प्रस्ताव मिले हैं। जिनमें उच्च प्राथमिकता सेक्टर 60 प्रतिशत में 12 करोड़ लागत के 351 कार्य और अन्य प्राथमिकता 40 प्रतिशत सेक्टर के 12 करोड़ 25 लाख लागत के 161 कार्य चिन्हांकित किये गये हैं। प्रस्तावों पर चर्चा के दौरान निर्णय लिया गया कि निर्धारित अनुपात 60:40 के अनुसार सभी जनप्रतिनिधि गण कार्यों के प्राथमिकता ऋय का प्रस्ताव दो-तीन दिन के भीतर उपलब्ध कराये ताकि कार्य योजना को अंतिम रूप देकर शासन की ओर स्वीकृति के लिए भेजा जा सके। सांसद श्री सिंह ने कहा कि जिले में भवन विहीन ग्राम पंचायत, स्कूल, आंगनवाड़ी, राशन दुकान के कार्य हमारी प्राथमिकता में होने चाहिए। इसके अलावा ऐसे कार्य लिये जाये जो अन्य किसी योजना या शासकीय मदों से नहीं कराये जा सकते। उन्होंने सभी विधायक गणों से अपनी-अपनी विधानसभा क्षेत्रों की नगर परिषदों में एक-एक नग अस्पतालों में डीप फ्रीजर की उपलब्धता रखने की सलाह भी दी। बैठक में निर्णय लिया गया कि खनिज मद के स्वीकृत हैण्डपम्पों का खनन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग नहीं करा पा रहा है। इस स्थिति में हैण्डपम्प खनन की एजेंसी पंचायतों को बनाया जाये। सीईओ जिला पंचायत ने बताया कि खनिज प्रतिष्ठान मद में 2017-18 से वर्ष 2022-23 तक की अनुमोदित कार्य योजना में 256 करोड़ 1 लाख रूपये लागत के 4666 कार्य अनुमोदित किये गये। जिनमें 187 करोड़ 16 लाख लागत के 2407 कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। अनुमोदित कार्य योजना में 21 करोड़ 9 लाख लागत के 309 कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति जारी होना शेष है। जनवरी 2023 की न्यास मण्डल की बैठक में अनुमोदित 674 कार्यों में से 417 कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृतियां जारी कर दी गई है।

# एफ. पी. ए आई ग्वालियर ब्रांच के कार्यक्रम अधिकारी अच्छेद्र कुशवाह हुए सम्मानित

पुष्पांजली टुडे



**ग्वालियर।** स्वंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर एफ पी आई ग्वालियर ब्रांच कार्यक्रम अधिकारी श्रीमान अच्छेद्र सिंह कुशवाह को ग्वालियर के मुख्य चिकित्सा एबं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर के राजोरिया जी द्वारा परिवार नियोजन एबं सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सम्मानित किया एबं उन्हें बधाई शुभकामनायें दी... इस अवसर पर सभी ने उन्हें बधाई शुभकामनायें दी

# सतीश सिकरवार विधायक द्वारा स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर वरिष्ठ जनों का सम्मान

पुष्पांजली टुडे



**भिंड।**डॉक्टर देवेंद्र शर्मा शहर कांग्रेस अध्यक्ष ग्वालियर एवं माननीय डॉ सतीश सिकरवार विधायक द्वारा दिनांक 14 अगस्त 2023को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर वरिष्ठ जनों एवं सक्रिय रूप से कार्य करने वाले वृद्ध जनों का सम्मान समारोह चेंबर ऑफ कॉमर्स के सभागार में आयोजित किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर श्रीमती शोभा सिकरवार महापौर नगर निगम ग्वालियर थी सभा की अध्यक्ष था डॉक्टर देवेंद्र शर्मा अध्यक्ष शहर कांग्रेस ग्वालियर द्वारा की गई विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय डॉ सतीश सिकरवार विधायक ग्वालियर पूर्व थे उक्त कार्यक्रम में मोहन सिंह कुशवाह भिंड को विशेष रुप से आयोजन कर्ताओं द्वारा आमंत्रित किया गया था उक्त कार्यक्रम में मोहन सिंह कुशवाह प्रांतीय महामंत्रीपेंशनर्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश को साल श्रीफल एवं प्रमाण पत्र दे करके सम्मानित किया गया श्री कुशवाह एवं उनके वरिष्ठ मित्रों द्वारा सम्मानित करने वालों को बहुत-बहुत बधाई एवं धन्यवाद ज्ञापित किया है जिसमें प्रमुख रुप से श्री राम दत्त शर्मा जिला संयोजक संघर्ष समिति भिंड रमेश बाबू शर्मा अध्यक्ष भिंड श्री विजय दैपुरिया प्रांतीय सचिव पेंशनर एसोसिएशन एवं उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी भिंड श्री पुरोहित कालीचरण शर्मा कार्यकारी अध्यक्ष एवं सचिव गंगा सिंह भदोरिया कोषाध्यक्ष राधाकांत शर्मा मीडिया प्रभारी संत कुमार जैन श्री एमपी श्रीवास श्री गिरिजा शंकर शास्त्री उपाध्यक्ष म प कांग्रेसपूर्व अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ भिंड आदि ने दी हैं

# कृषि उपज मंडी में हुआ भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

दैनिक पुष्पांजली टुडे




गोहद/ गोहद भारतीय जनता पार्टी द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन कृषि उपज मंडी में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य जय भान सिंह पवैया मौजूद रहे जिसमें संत रविदास हथकरघा विकास निगम के अध्यक्ष रणवीर जाटव ने कहा कि नेता कभी नहीं लड़ते वह कब एक हो जाते हैं इसका पता भी नहीं चलता इसलिए हमें पार्टी के लिए मेहनत करना आवश्यक है जिस किसी को भी टिकट मिले हमें सिर्फ कमल के फूल को प्रत्याशी मानना है वही लाल सिंह आर्य ने कहा कि हमें प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं की लिस्ट बनानी है साथ ही बूथ पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं की बैठक लेना है इन सभी से बूथ मजबूत होगा यह कार्य भले ही छोटा लगे लेकिन यह बहुत बड़ा कार्य है वही कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जवान सिंह पवैया ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए जिनमें चाहे राम मंदिर हो धारा 370 का हटाना आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देना इन सभी कार्यों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक निर्णय लिए जो कि कांग्रेस पार्टी का भी नहीं कर हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है भाजपा सरकार को मजबूती प्रदान करें जिससे कि आगामी आने वाले समय में भी और ऐतिहासिक निर्णय लिया जा सके

# डॉ रणजीत पटेल, मुजफ्फरपुर बिहार के सम्मान में हुई काव्य गोष्ठी।

महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे





**ग्वालियर।** सूरी नगर ,मुरार में गत दिवस आयोजित एक काव्यगोष्ठी मुजफ्फरपुर बिहार से पधारे डॉ रणजीत सिंह पटेल के सम्मान में संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ गीतकार मुरारी लाल गुप्त ÷गीतेश÷ ने की। मुख्य अतिथि के रूप डॉ. रणजीत पटेल मुजफ्फरपुर,बिहार रहे। संचालन वरिष्ठ गीतकार राजेश शर्मा ने किया एवं संयोजन नवगीतकार बृजेश चंद्र श्रीवास्तव का रहा। कार्यक्रम में शहर के अनेक गीतकार एवं कवियों ने सहभागिता की। प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन किया गया।सरस्वती वंदना जगदीश महामना ने प्रस्तुत की। तत्पश्चात् अतिथियों का स्वागत किया गया एवं कार्यक्रम में काव्य पाठ प्रारम्भ हुआ। जिसमें कवि रामचरण÷ रुचिर÷ की प्रस्तुति इस प्रकार रही।धर्म नीति की राह न भटके वही सहज व्यवहारी है। सरल सहज सम्राट जीवन ही होता पर हितकारी है। जगदीश महामना ने अपनी प्रस्तुति देते हुए पढ़ा, ÷कांच कंचन हुआ मन वृन्दावन हुआ ड़, पांव पायल हुई वावरी वावरी।÷ले क्रम में वरिष्ठ गीतकार सुरेंद्र पाल सिंह कुशवाहा ने अपनी गीत रचना में कहा ÷ ओ बारिश की बूंदो, जा सको तो उसे घर जाना। सपनीली मस्त बयार हो सके वह सावन लाना।÷क्रम को आगे बढ़ाते हुए राम अवतार ÷रास ÷ने गीत प्रस्तुत करते हुए कहा,÷दूर बहुत आकाश हुआ था, सपनों ने भी नहीं छुआ था। तितली तक तो पकड़ न पाए चीलों की बातें करते हैं।÷ अगले क्रम में डॉक्टर किंकर पाल सिंह जादौन का गीत इस प्रकार रहा, ÷मौन भरे अवसर अनबन के आए चले गए, खुशियों के सहचर बन आए, पीड़ा भरे रहे।÷ इसी क्रम में विजयपुर से पधारे मांगीलाल ÷मरमिट÷ ने भ्रूण हत्या पर रचना प्रस्तुत करते हुए कहा ,विषय वासना क्या मन मस्त मस्तानी रे, जो जाया जननी जगती की ऐसी करूण कहानी रे।ड़÷ वरिष्ठ गीतकार घनशाम भारती ने अपनी प्रस्तुति देते हुए पढ़ा ÷ पानी बरसा एक गुण उमस बढ़ गई पांच। ऐसे दिल चुभने लगे जैसे टूटा कांच।।÷इसी क्रम में अनंगपाल सिंह भदोरिया अनंग ने अपना काव्यपाठ करते हुए कहा, ÷ इस चमड़ी की करी हिफाजत हमने जीवन भर, रहा बदलता रूप उम्र भर रोक नहीं पाए।÷इसी क्रम में ललित मोहन त्रिवेदी ने सुंदर गीत की बानगी इस प्रकार रही ।÷ छू गई सांस एक पांखुरी। प्राण मन डम डमाने लगे।नैन में जब से तुम आ बसे, स्वप्न भी झिलमिलाने लगे।÷ क्षकार्यक्रम का संचालन कर रहे मधुर गीतकार राजेश शर्मा ने अपनी प्रस्तुति इस प्रकार दी। ÷ बादल तुम हो प्राण सदी के, उतरो सारे मोह तोड़कर अपनी आसंदी खूब सराहा गया । र्यक्रम का संयोजन कर रहे नवगीतकार बृजेश चंद्र श्रीवास्तव ने अपनी प्रस्तुति देते हुए कहा, ÷आ जाओ सावन बादल पानी और फुहार।..आ जाओ चंदन खुशबू शीतल मन्द बयार।÷ मुख्य अतिथि डॉ . रंजीत पटेल ने ग्वालियर की काव्य परंपरा की बहुत ही सराहना की।नी काव्य प्रस्तुति इस प्रकार दी%÷

भारतीय जनता पार्टी पूर्व प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा के वरिष्ठ नेता

# महेश सिंह गुर्जर 5 सेंकडा से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ छोडेगें कमल का साथ

महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे



**गोहद** विधानसभा भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय कई वरीष्ठ नेता गोहद विधानसभा के स्थानीय प्रतिनिधि नेत्तृत्व की अनदेखी के कारण 5 सेकडा से अधिक अपने कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा छोड़कर थाम सकते है दूसरी पार्टी इन नेताओं मे सब से प्रमुख वरिष्ठ नेता महेश सिंह गुर्जर जो एक दमदार छवी प्रखर वक्ता के रुप से चर्चित एवं गोहद विधानसभा के राजनीति के चाणक्य कहे जाते है, जो 10वर्ष की उम्र ही संघ के स्वंयसेवक मुख्य शिक्षक से ले कर बंजरदल जिला संयोजक, विभाग संयोजक बजरंगदल, प्रांत सह मंत्री विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल प्रांत भारत, संघ मे अपनी भूमिका बाखूबी निभाई और भारतीय जनता पार्टी की जिम्मेदारी- भाजपा जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, महामंत्री भाजपा गोहद संगठन चुनाव प्रभारी भिंड, प्रदेश कार्यसमिति पिछडा वर्ग प्रकोष्ठ, प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा 2010 एवं मोर्चा प्रभारी ग्वालियर चंबल सम्भाग पुनः किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री 2013 , नगरिय निकाय नगर परिषद चुनाव प्रभारी मेहगांव इन सब पदो पर कार्य कर के अपनी रणनीति से सभी पदों की जिम्मेदारी को सफलता की और पहुँचाया पर कुछ समय से गोहद विधानसभा के स्थानीय नेत्तृत्व की अन देखी के कारण पार्टी छोड सकते है, कुछ दिनो से अन्य दल के शीर्ष नेता उन से सम्पर्क बना रहे है माना जा रहा हे की दो पार्टी के शीर्ष नेताओं से बातचीत हुई है पर आगे की क्या रणनीति हे ऐ ाने वाले कुछ दिनों मे साफ हो जाऐगा अगर ऐसे नेता पार्टी छोड़ ते है तो पार्टी को बहुत नुक्सान होगा अगर इस तरह से स्थानीय नेत्तृत्व और प्रतिनिधि कार्यकर्ताओं की अनदेखी करते रहे तो और भी नेता छोड सकते है पार्टी और ऐसे समय पर जब गुर्जर समाज भाजपा को इस बार वोट नही करेगा और इस का असर अन्य विधानसभा मे भी देख ने को मिलेगा ऐसे निष्ठावान कार्यकर्ता पार्टी छोडे गे जब चुनाव नजदीक हो तो भारतीय जनता पार्टी को बहुत नुक्सान उठाना पड सकता है

# कलेक्टर ने प्रस्तावित आईटी पार्क निर्माण स्थल का किया निरीक्षण



दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा

**रीवा।** रीवा में 30 करोड़ रुपए की लागत से आईटी पार्क का निर्माण प्रस्तावित है। इसके निर्माण के लिए कालेज चौराहा के समीप स्थान प्रस्तावित किया गया है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। प्रस्तावित स्थल में वर्तमान में लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मेकेनिकल शाखा का कार्यालय संचालित है। मौके पर उपस्थित लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि प्रस्तावित स्थल की माप करके पूरा विवरण प्रस्तुत करें। एसडीएम हुजूर प्रस्तावित भवन में संचालित कार्यालय को शिल्पी प्लाजा में स्थानांतरित करने की व्यवस्था करें। प्रस्तावित जमीन को आईटी पार्क निर्माण के लिए देने से पूर्व समस्त औपचारिकताएँ सुनिश्चित करें। मौके पर उपस्थित औद्यागिक विकास निगम के जिला प्रबंधक यूके तिवारी ने प्रस्तावित आईटी पार्क के निर्माण की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित स्थल पर सरलता से आईटी पार्क का निर्माण हो सकेगा। इसके भूतल में पॉर्किंग की व्यवस्था रहेगी। आईटी पार्क के लिए 6 मंजिलों के भवन का निर्माण किया जाएगा। मौके पर एसडीएम हुजूर अनुराग तिवारी, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478